4 **रायपुर संभाग** महिलाओं के सुरक्षा संरक्षण एवं सशक्तिकरण विषय पर परिचर्चा...
6 **फिल्मी** प्रभास व महेश बाबू के साथ काम करना चाहती हैं राशि खन्ना
08 **बिलासपुर संभाग** जमीन घोटाला कि जाच के बाद भी शासन-प्रशासन...
09 **विविध** नरेन्द्र मोदी व बीजेपी पार्टी आदिवासियों का रखती है...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 01 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-309 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को दी डॉक्टर्स डे की बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर देश और प्रदेश के सभी चिकित्सकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि हर साल महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भारत रत्न डॉ. बिधानचंद्र राय की स्मृति में उनके जन्मदिन एक जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है। साय ने कहा कि मरीजों को नया जीवन देने के कारण डॉक्टर धरती के भगवान माने जाते हैं। इस दिन हम चिकित्सकों की अमूल्य सेवा और समर्पण के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं।

### जनरल द्विवेदी ने संभाली सेना की कमान, जनरल पांडे हुए सेवानिवृत

**नयी दिल्ली।** जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने 30वें सेना प्रमुख के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया।



उन्हें जनरल मनोज पांडे के स्थान पर नियुक्त किया गया है ,जो चार दशकों से भी अधिक लंबी विशिष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत हो गये। जनरल मनोज पांडे ने यहां साउथ ब्लाक स्थित रक्षा मंत्रालय के कार्यालय में जनरल द्विवेदी को सेना की कमान सौंपी। जनरल पांडे का कार्यकाल पिछले महीने पूरा होना था, लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्हें एक महीने का सेवा विस्तार दिया गया था।

# आजादी की लड़ाई में जनजातीय समाज का महत्वपूर्ण योगदान : सीएम साय

## साफा पहनाकर किया गया स्वागत, घर की चाबी भेंटकर हितग्राही किए गए लाभांवित

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भाटापारा नगर के कृषि उपज मंडी परिसर में आदिवासी गोंड़ समाज माँ मांवली महासभा द्वारा आयोजित सांस्कृतिक भवन लोकार्पण एवं रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह में शामिल हुए। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। साय ने सम्मेलन में आदिवासी समाज के सामाजिक भवन के आहता निर्माण हेतु 22 लाख रूपये, वहां तक सीसी रोड के लिए 25 लाख रूपये की घोषणा की है। साथ ही गुर्रा से जोगीद्वीप मेला स्थल तक सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 30 लाख रूपये की घोषणा की। उन्होंने इसके अतिरिक्त तरेंगा से



दौरेंगा तक सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्य मंच से प्रधानमंत्री आवास योजना के 5 हितग्राहियों को घर की चाबी, 3 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 4 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र एवं समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जनजातीय गौरव की भावना को सुदृढ़ बनाने के लिए हर साल 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत की। इसके साथ ही रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक जबलपुर में तैयार कराया गया है। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जनजातीय समाज से हैं। उनका इस सर्वोच्च पद में आसीन होना जनजातीय समाज के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने ने कहा कि समाज एकजुट होकर और शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़े। शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। किसी भी क्षेत्र में तरक्की करना है, तो शिक्षा जरुरी है, उन्होंने युवाओं को नशापान से दूर रहने की नसीहत देते हुए कहा कि नशापान से युवा गुमराह हो रहे हैं। उन्हें सही दिशा में अपनी ऊर्जा और क्षमता लगाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किये गए वायदे को तेजी से पूरा कर रही है। हमने धान के बकाया बोनस की राशि, 3100 रुपये मे धान खरीदी और एक मुश्त राशि किसानों के खाते में राशि अंतरित किया है। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 70 लाख महिलाओं के खाते में हर महीना एक हजार रूपये दिया जा रहा है।

➤विस्तृत पेज 9 पर

# योग, भारतीय भाषा, संस्कृति का प्रसार गौरव का क्षण : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग, भारतीय भाषा एवं संस्कृति के दुनिया भर में प्रचार प्रसार को गौरव का क्षण बताया है और लोगों का आह्वान किया है कि इन्हें अपना कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस करें। मोदी ने लोकसभा चुनावों के कारण तीन माह के अंतराल के बाद आकाशवाणी पर अपनी नियमित श्रृंखला 'मन की बात' के 111वें संस्करण में यह आह्वान किया और आने वाले त्योहारों पर लोगों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कुवैत के राष्ट्रीय रेडियो चैनल पर हिन्दी में प्रसारित होने वाले एक कार्यक्रम की एक क्लिप को साझा करते हुए कहा, दरअसल, कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर एक



विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। और वो भी हिन्दी में। 'कुवैत रेडियो' पर हर रविवार को इसका प्रसारण आधे घंटे के लिए किया जाता है। इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। हमारी फिल्में और कला जगत से जुड़ी चर्चाएं वहाँ भारतीय समुदाय के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। मुझे तो यहाँ तक बताया गया है कि कुवैत के स्थानीय लोग भी इसमें खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। मैं कुवैत की सरकार और वहाँ के लोगों का हृदय से धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने ये शानदार पहल की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है, उससे किस भारतीय को खुशी नहीं होगी। अब जैसे, तुर्कमेनिस्तान में इस साल मई में वहाँ के राष्ट्रीय कवि की 300वीं जन्म-जयंती मनाई गई। इस अवसर पर तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति ने दुनिया के 24 प्रसिद्ध कवियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इनमें से एक प्रतिमा गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की भी है। ये गुरुदेव का सम्मान है, भारत का सम्मान है। इसी तरह जून के महीने में दो कैरेबियाई देश सूरीनाम और सेंट विन्सेंट एंड गेनाडाइन्स ने अपनी भारतीय विरासत को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया।

# बिजली कंपनियों की लूट के खिलाफ नेशनल अकाली दल का प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

नेशनल अकाली दल ने राजधानी में बिजली कंपनियों की लूट के खिलाफ रविवार को जंतर-मंतर पर बिजली के मीटर लेकर प्रदर्शन कर सरकार से इन कंपनियों पर लगाम लगाने की मांग की। नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने इस अवसर पर केन्द्र सरकार से ऐसी व्यवस्था करने की मांग की जिससे उपभोक्ताओं को मोबाइल कंपनियों की तर्ज पर बिजली कंपनियों को भी चुनने का अवसर मिले। इससे उपभोक्ताओं को काफी



राहत मिलेगी और उपभोक्ताओं को फायदा होगा। पम्मा की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर बिजली कंपनियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने अपने हाथों में बिजली कंपनियों की मनमानी बंद करने, बिजली के बिलों को जीएसटी से मुक्त करने संबंधी तख्तियां व बैनर लिए हुए थे।

# मुख्यमंत्री की विशेष पहल से मिली नागरिकों को नई सुविधा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर आम नागरिकों को एक और नई सुविधा परिवहन विभाग के माध्यम से मिलने जा रही है। ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा दिए गए पते पर नहीं पहुंचने पर आवेदकों को उनके जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा यह सुविधा एक जुलाई से लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री साय के समक्ष यह बात सामने आई कि परिवहन विभाग द्वारा डाक के माध्यम से भेजे गए कई ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र पता सही नहीं होने के कारण नया रायपुर स्थित परिवहन विभाग




**ड्राइविंग लाइसेंस गलत पते के कारण वापस लौटने पर परिवहन कार्यालयों के माध्यम से मिलेंगे**

के मुख्यालय इन्द्रावती भवन में वापस लौट आते थे। ऐसे आवेदकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए नवा रायपुर आना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने आवेदकों की दिक्कतों को महसूस करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए कि किसी वजह से अप्राप्त रहे ड्राइविंग लाईसेंस तथा पंजीयन प्रमाण पत्र संबंधित जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय, जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से वितरित किए जाए। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अस्पष्ट अथवा अपूर्ण पते के कारण नवा रायपुर स्थित परिवहन मुख्यालय लौटने वाले ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र लेने के लिए नवा रायपुर आने की जरूरत नहीं होगी।

# 'मन की बात' में मोदी ने नहीं की कोई ढंग की बात : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद रविवार को रेडियो पर पहली बार 'मन की बात' की



और उसे उम्मीद थी कि वह जनता के मुद्दों पर बात करेंगे, लेकिन उन्होंने आज भी कोई ढंग की बात नहीं की। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा मोदी के 'मन की बात' पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार तीसरी बार बैसाखियों पर सत्ता में आई है और उन्हें उम्मीद थी कि वह 'मन की बात' में कोई ढंग की बात करेंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ और जनता के मुद्दे यहां भी नदारद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को रेल दुर्घटना, हवाई अड्डा में छत गिरने, घोटाले और अर्थव्यवस्था के गिरने जैसे मुद्दों पर बात करनी चाहिए थी। देश का नौजवान और देश के आम नागरिक उनसे जो सुनना चाहते थे, उस पर उन्होंने कुछ नहीं कहा। खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास किया है। वह नीट पेपर लीक पर कुछ नहीं बोले। वह जब चुनाव प्रचार करते थे तो दक्षिण की निंदा कर लोगों को लड़ाया करते थे लेकिन अब केरल की छतरी की बात कर रहे हैं।






# पॉवर कंपनी के औद्योगिक संबंध एवं वित्त विभाग से अधिकारी-कर्मचारियों की विदाई

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग अधीनस्थ औद्योगिक संबंध कार्यालय से अनुभाग अधिकारी उमेश कुमार ब्रम्ह को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता विनोद कुमार अग्रवाल, विंग कमाण्डर ए.श्रीनिवास राव, उपमहाप्रबंधक (आई.आर.ओ.) गोपाल खण्डेलवाल, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) पंकज सिंह, कल्याण अधिकारी अतुल तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अग्रवाल ने ब्रम्ह को शॉल, श्रीफल एवं प्रतीकात्मक भेंट कर सम्मानित किया। ब्रम्ह ने अपनी सेवायात्रा में निभाये विभिन्न दायित्वों को याद करते हुए कहा कि मानव संसाधन के अधिकारियों से उन्हें निरन्तर सहयोग व प्रोत्साहन मिलता रहा, जिससे वे विषम परिस्थितियों में भी सर्वोत्तम कार्य करने में सक्षम रहे। इसी प्रकार वित्त विभाग सें भी सहायक प्रबंधक संतोष कुमार भोई, निज सचिव अरूण कुमार सोनी, अनुभाग अधिकारी फुल्लम चंद्राकर एवं अनुभाग अधिकारी निर्मल प्रसाद दास को विदाई दी गई।

इस अवसर पर ईडी एमएम चैहान, संदीप मोदी, वाई.बी. जैन एवं नंदिनी भट्टाचार्य विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने उन्हें स्वस्थ, समृद्ध व संपन्न जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी अनामिका मण्डावी ने किया।

# नगर निगम को निरंतर 40 वर्ष सेवा देने उपरांत सेवानिवृत्त निगम प्रेस के मशीन हेल्पर पृथ्वीराज यदु को सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



सेवानिवृत्त होने जा रहे रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन के प्रेस विभाग के मशीन हेल्पर पृथ्वीराज यदु को 29 जून पंचम शनिवार एवं 30 जून रविवार के अवकाश दिवस होने पर सप्ताह के अंतिम कार्यालयीन दिवस पर 40 वर्षो तक निरंतर नगर निगम को सेवाएं देकर सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनकी सेवाओं का निगम अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर निगम प्रेस विभाग पहुंचकर उपायुक्त सामान्य प्रशासन कृष्णा खटीक ने सेवानिवृत्ति पर मशीन हेल्पर पृथ्वीराज यदु को 1 लाख रू. का चेक प्रदत्त किया। जनसम्पर्क अधिकारी मिलिंद खेर, प्रेस विभाग के कर्मचारी पियूष अग्रवाल, अशोक भट्ट, ईश्वर साकार, सैय्यद जाहिद अली, ओम सच्चिदानंद बंजारे, राजेन्द्र देवांगन, जोशी देवांगन, अर्जुन वर्मा, संजय ठाकुर, प्रमोद ठाकुर ने सेवानिवृत्ति पर मशीन हेल्पर पृथ्वीराज यदु का बुके देकर सम्मान किया। उन्हें श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह प्रदत्त किया गया। उपायुक्त सामान्य प्रशासन कृष्णा खटीक ने सेवानिवृत्ति पर मशीन हेल्पर पृथ्वीराज यदु को सुखी, स्वस्थ, दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी। जनसम्पर्क अधिकारी मिलिंद खेर ने पृथ्वीराज यदु की सेवाओं को सराहते हुए कहा कि उनका पूरा कैरियर नगर निगम में पूरी तरह बेदाग रहा। उन्होने उनके सुखमय, स्वस्थ, दीर्घायु जीवन हेतु शुभकामनाएं दी।

# आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने साइंस कॉलेज के पास से गोल चौक डीडी नगर तक मार्ग में आर्ट वर्क, सौंदर्यीकरण की प्रगति देखी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ उज्ववल पोरवार, नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, एसडीएम नन्द कुमार चौबे, जोन 7 जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा, जोन कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा सहित नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में साइंस कॉलेज के समीप से जीईमार्ग से रोहिणीपुरम गोल चौक डीडीनगर तक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से शासकीय दीवारों, मार्ग के मध्य में मार्ग विभाजक में करवाये जा रहे सुन्दर आर्ट वर्क, पेंटिंग, रंग रोगन, सौंदर्यीकरण के विविध कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया एवं इसे शीघ्र जनहित में जनसुविधा विस्तार को दृष्टिगत रखकर पूर्ण करवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने नगर निगम अधिकारियों को मार्ग का विकास एवं सौंदर्यीकरण होने के पश्चात सौंदर्यीकृत की गयी शासकीय दीवारों, मार्ग विभाजक, विद्युत पोलों पर कोई भी बैनर, पोस्टर, स्टीकर नहीं लगने दिया जाना एवं ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्यवाही जुर्माना करके करने के निर्देश दिये है।




डॉक्टर धरती पर भगवान का दूसरा रुप हैं। भगवान तो हमें एक बार जीवन देता है पर डॉक्टर हमारे अमूल्य जान को बार-बार बचाता है। दुनियां में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां डॉक्टरों ने भगवान से भी बढ़कर काम किया है। बच्चे को जन्म देना हो या किसी वृद्ध को बचाना हो डॉक्टरों की मदद हमेशा हमें मुश्किल से बचाती है। यही एक पेशा है जहां दवा और दुआ का अनोखा संगम देखने को मिलता है। इंसान को भगवान भी यहीं बनाया जाता है। डॉक्टरों ने मानव जाति के लिए बहुत समर्पण किया है। अगर भारत की बात की जाए तो हम देखेंगे कि यहां आज भी डॉक्टरों और वैद्यों का विशेष आदर-सत्कार होता है। आधुनिक युग में तो डॉक्टरों की मांग और भी बढ़ गई है। डॉक्टर के इसी समर्पण और त्याग को याद करते हुए एक जुलाई का दिन भारत में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस खास मौके पर पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डा. बिधान चन्द्र रॉय को याद किया जाता है। बिधान चन्द्र रॉय एक स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ-साथ एक अच्छे डॉक्टर भी थे। विधान चन्द्र जी ने अपना सारा जीवन लोगों की भलाई में बिता दिया। 1 जुलाई, 1882 को बिहार में जन्मे डा. बिधान चन्द्र रॉय स्वतंत्रता संग्राम के एक अहम सिपाही रहे है। आजादी के बाद वह अपना सारा जीवन अपने प्रोफेशन यानी चिकित्सा सेवा को समर्पित कर दिया। पश्चिम बंगाल में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई अहम विकास कार्य किए। अपने अथक प्रयासों और समाज कल्याण के कार्यों के लिए उन्हें 1961 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। 01 जुलाई, 1962 को उनका निधन हो गया। आज भी भारत में डा. बिधान चन्द्र रॉय की याद में एक जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के रुप में मनाया जाता है।












छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते
दाई-दीदी बर
अब हर महीना
खुशहाली लावत हे
महतारी वंदन
योजना
विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
₹ 12,000 सालाना
1 जुलाई 2024
पांचवी किस्त
की राशि जारी
Samvad-40631/39
मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय से
जुड़ने के लिए
QR SCAN करें
हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# महिलाओं के सुरक्षा संरक्षण एवं सशक्तिकरण विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## माता-पिता स्वयं में संस्कार लाकर बच्चों को संस्कारित करें : देवी भूमिका

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com




देवी भूमिका सेवा ट्रस्ट धमतरी के द्वारा युवाओ के सहयोग से समाज एवं परिवार निर्माण महिलाओं के सुरक्षा संरक्षण एवं सशक्तिकरण विषय पर परिचरचा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन ग्राम विकास समिति श्यामतराई के अध्यक्ष टीकाराम साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गजानन साहू मनोवैज्ञानिक सह बाल संरक्षण अधिकारी जिला धमतरी एवं डॉ गणेश प्रसाद साहू प्रदेश उपाध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ साहू समाज छत्तीसगढ़ व देवी भूमिका प्रवचन कर्ता एवं समाजसेवी रहे। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ता गजानन साहू ने समाज में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार से अवगत कराते हुए महिलाओं को सजग रहने घर परिवार में ईमानदारी एवं आपसी सामंजस्य बनाने बच्चों को संस्कारवान बनाने हेतु प्रेरित किया एवं बच्चों के मानसिक शारीरिक गतिविधियों पर पूर्ण रूप से पलकों को ध्यान देने की बात कही और बताया कि अगर बच्चों को सही समय पर सही चीजों की जानकारी एवं संस्कार नहीं दिए जाएंगे तो बच्चे बड़े होकर कभी भी अच्छे'व्यक्तित्व को प्राप्त नहीं कर पाएंगे इसके लिए पालक ही जिम्मेदार होंगे। वर्तमान में महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार कितनी संवेदनशील है उसकी जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में महिलाओं की संरक्षण सुरक्षा हेतु बहुत सारी योजनाएं संचालित हैं जिनका अधिक से अधिक लाभ लिया जा सकता है। साथ ही साथ परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से जुड़कर लाभ लेने हेतु ग्रामीणों से आग्रह किया।परिचिर्चा में जीवन में शिक्षा के महत्व को बताते हुए डॉ,गणेश प्रसाद साहू ने उपस्थित पालकगणों से अनुरोध किया कि भले ही एक रोटी कम खाएं लेकिन बच्चों की पढ़ाई लिखाई पूरी अवश्य करवाएं। समाज में अगर एक भी बच्चा अच्छे से पढ़ लिखकर अच्छे पद पर जाता है तो उसे अन्य बच्चों को प्रोत्साहन मिलता है।जिससे वह बच्चे आगे चलकर समाज एवं राष्ट्र के लिए हितकर होते हैं। पालकों से आग्रह किया कि बच्चों के स्कूलों में जो शिक्षक हैं उनके संपर्क में निरंतर रहे उन्हें अपने घर पर समय.समय पर आमंत्रित करते रहें जिससे बच्चा अगर किसी प्रकार से पढ़ाई से भटकने लगे तो एक अच्छा माहौल मिल सके और पालक एवं शिक्षक बच्चों को सही दिशा दे सके। प्रवचनकर्ता एवं समाजसेवी देवी भूमिका ने सबसे पहले माता.पिता स्वयं में संस्कार लाकर बच्चों को सीखाने की बात कही। अपनी बात रखते हुए उन्होंने समझाया कि बच्चों का मन कच्ची मिट्टी की तरह होता है जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी को जैसे चाहे वैसे आकार दे सकता है।उसी प्रकार प्रथम गुरु के रूप में माता-पिता अपने बच्चों को जैसा चाहे वैसा संस्कार दे सकते हैं।इसके लिए सबसे पहले माता.पिता को ही शिष्टाचार अनुशासन एवं संस्कार धारण करने की आवश्यकता होती है।जो गुण हम बच्चों में देखना चाहते हैं पहले वह गुण हमें धारण करनी चाहिए जिससे हमारे बच्चे हमको देखकर सारी चीजों को खुद सीख जायेंगे। टूटते हुए परिवार के विषय में समझाते हुए बताया कि अधिकतर परिवार आजकल मोबाइल फोन के अनुचित उपयोग के कारण टूटते हुए नजर आते हैं इसको रोकने के लिए हमें चाहिए कि मोबाइल का सदुपयोग ही करें एवं समय व्यतीत करने के लिए या मनोरंजन के लिए मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करें। बच्चों को अगर मोबाइल दिया जा रहा है तो पलकों की जिम्मेदारी बनती है कि वह बच्चों पर ध्यान दें या जिस समय तक उनका उपयोग करना हो उतने ही समय तक उनका मोबाइल दिया जाए परिवार में अगर किसी प्रकार की समस्या आती है तो उसके निराकरण परिवार के भीतर ही करने का प्रयास करें बच्चों से बात करें बड़ों से बात करें उन्हें समझाने का प्रयास करें भटकने से रोके आत्महत्याए घर छोड़ देना या किसी कुसंगति के मार्ग पर जाने ना दे। अपने घर परिवार में प्यार भरा वातावरण निर्मित करें। कार्यक्रम में बालक राम साहू पूर्व सरपंच, द्वारिका साहू पूर्व सरपंच, तुकाराम साहू ग्राम पटेल, ऋषि राम मरकाम पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष, सुरेश कुमार साहू अध्यक्ष साहू समाज, डॉ तुलु राम साहू, शोभित ध्रुव अध्यक्ष गोड़ समाज, रोशन साहू सचिव ग्राम विकास समिति, पोखराज साहू उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं बहुत बड़ी संख्या में ग्राम के महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रति गांव वालों ने काफी खुशी व्यक्त किया एवं धन्यवाद दिया।

## मोदी के मन की बात सुनने प्रदेश महामंत्री रामू जगदीश रोहरा विंध्यवासिनी वार्ड पहुंचे



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

मोदी की मन की बात सुनने के लिए विंध्यवासिनी वार्ड बूथ क्रमांक 120 में पूर्व पार्षद अनिता सोनकर के निवास में कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश के महामंत्री जगदीश रामू रोहरा मन की बात सुने तत्पश्चात कार्यकर्ताओं को जो लोकसभा चुनाव संपन्न हुआ और भाजपा की केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनने पर सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया एवं एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से उपस्थित मंडल महामंत्री अखिलेश सोनकर, शिवदत्त उपाध्याय, पूर्व पार्षद अनीता सोनकर, मदन साहू, धनेश सोनकर, श्यामा साहू, शिव नेताम, लाता सोनी, प्रीति नामदेव, सोनी, रोहणी नामदेव, राजू चावला, हरिराम साहू, मोटू फुटान, सुमित्रा सेन रहे।

## नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत का होरा निवास में समर्थको ने किया भव्य स्वागत



**धमतरी।** कांकेर प्रवास से लौटते हुए नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं धमतरी के पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा के रायपुर रोड स्थित निवास में कुछ समय के लिए यहां रूके जहां उनके समर्थको द्वारा उनका भव्य आत्मीय स्वागत किया गया।

# विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 480 चर्म रोग 510 शिशु रोग बच्चों का इलाज हुआ

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





प्रदेश के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क परामर्श शिविर, बच्चो के सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान हेतु निशुल्क जांच एवं परामर्श का आयोजन 30 जून रविवार को नगर स्थित केसरवानी मंगल भवन में सुबह 10 बजे से 6बजे तक मरीज स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह आयोजन केशरवानी समाज के नगर सभा महिला सभा व तरुण सभा के द्वारा आयोजित किया गया था। विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ डॉक्टर अशोक भट्टर ने दीप प्रज्वलित किया महर्षि कश्यप के समक्ष सभी ने मिलकर गुरु वंदना की बाहर से आए हुए डॉक्टरों का फूल गुलदस्ता देकर द्वारा स्वागत किया गया। डॉ अशोक भट्टर अपने उद्बोधन में कहा केसरवानी समाज बलौदा बाजार में काफी एक्टिव है। समाज का संगठन बहुत मजबूत है। उन्होंने केसरवानी महिला समाज के कार्यों की तारीफकी तथा बलौदा बाजार में ज्यादा सक्रीय महिलाओं में केसवानी समाज की महिलाएं का उन्होंने नाम लेकर जिक्र किया उन्होंने बुजुर्ग की पुरानी यादो का जिक्र करते हुए स्व. रघुनाथ प्रसाद केसरवानी केदारनाथ केसरवानी सत्यनारायण केसरवानी शंकर लाल केसरवानी मूलचंद केसरवानी गोपी किशन केसरवानी को भी याद किया। शिविर में 510 शिशु रोग बच्चों 480 चर्म रोग 172 अन्य रोग का इलाज किया गया चार बच्चे हृदय रोग से पीड़ित थे। तीन बच्चे श्रवण रोग सेग्रसित थे दत जानकारी के अनुसार केशरवानी समाज बलौदा बाज़ार एवं सुप्रसिद्ध गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल रायपुर के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित निशुल्क जांच एवम परामर्श में डॉक्टर अशोक भट्टर, मृणाली कलमकार, प्राची भट्ठर, रमण श्रीवास्तव, शीला वर्मा, शशिभूषण, अंकित शर्मा, पारुल खरे, शगुफ्ता इमित्याज, भगवती साहू, अभिलाषा, संजय शर्मा, समीर गांगुली शिशु रोग, बच्चो की स्पीच थेरेपी, आहार रोग, हड्डी रोग, मानसिक रोग, फिजियोथेरिपी सहित अन्य समस्या साथ ही त्वचा एवं चर्म रोग की जांच एवम परामर्श दिए। मरीज की जांच रिपोर्ट पश्चात समस्या होने पर निःशुल्क इलाज भी बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल द्वारा किया जाएगा। जांच एवं परामर्श हेतु पंजीयन केशरवानी समाज के आयोजक सदस्यों द्वार किया गया था। बड़ी संख्या में आसपास गांव एवं नगर के लोग इलाज के लिए पहुंचे इस अवसर पर समाज के संरक्षक जागेश्वर प्रसाद बद्री प्रसाद विजय केसरवानी नरेंद्र केसरवानी विजय नारायण नरेश केसरवानी हेमचंद केसरवानी नगर सभा अध्यक्ष श्याम केसरवानी सचिव प्रेम नारायण केसरवानी छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला सभा अध्यक्ष विभा केसरवानी संरक्षक रामकली केसरवानी सविता केसरवानी लक्ष्मी केसरवानी सुमित्रा केसरवानी महिला सभा अध्यक्ष रजनी राजनारायण केसरवानी महामंत्री मनीष केसरवानी कोषाध्यक्ष कविता केशरवानी तरुण सभा अध्यक्ष नितेश केसरवानी महामंत्री आशीष केसरवानी कोषाध्यक्ष विकास केसरवानी चंद्रकला केसरवानी लता केसरवानी सुषमा केसरवानी, लक्ष्मी केसरवानी, वर्षा केसरवानी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर पत्रकार रामाधार पटेल दिलीप माहेश्वरी संजय श्रीवास विशेष रूप से उपस्थित थे।

# कोतवाली पुलिस एवं सायबर टीम ने मोटर साइकिल चोरी के आरोपियों किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रार्थी दाउलाल निषाद पिता बल्दुराम निषाद उम्र 29 वर्ष पत्ता वार्ड कमांक 12 ग्राम राजपूर सरगी थाना मगरलोड जिला धमतरी 25 जून 24 को गोपाला हॉस्पिटल धमतरी आये और अपने सीडी डिलक्स मोटर सायकल कमांक सीजी 04 एचएन 6319 किमती 15,000 रूपये को अस्पताल के सामने खुले स्थान पर हेण्डल लॉक कर खडे किये थे और अपने भतीजा चिव्यांश निषाद को देखने के लिये अस्पताल अंदर गये जब वो अस्पताल से वापस आये तो मो0सा0 खडी स्थान पर नहीं था आस.पास पता किया पता नही चलने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 26/06/24 को थाना सिटी कोतवाली धमतरी में मो0सा0 चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा मौका निरीक्षण एवं प्रार्थी का कथन लिया गया तथा चोरी के सीडी डिलक्स मोटर सायकल कमांक सीजी 04 एचएन 6319 एवं अज्ञात चोर की पता तलाश की जा रही थी एवं आस पास के लोगों से पूछताछ एवं मुखबिर के माध्यम से पता तलाश की जा रही थी। तभी मुखबीर सूचना मिला की विनोद देवांगन पता जालमपुर एवं राहुल सोनी पता अधारी नवागांव दोनों चोरी के मोटर सायकल बिकी करने हेतु ग्राहक तलाशने की सूचना मिलने पर सायबर टीम एवं कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों आरोपी का पता तलाश कर दोनों आरोपी दानीटोला नहर नाका धमतरी पास में एक साथ घुमते मिलने पर हिरासत में लेकर थाना लाकर पृथक-पृथक से कड़ाई से पूछताछ कर कथन लेने पर दोनो आरोपीगण द्वारा मिलकर विनोद के हीरो मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एएल 4468 से जाकर दिनॉक 25/06/2024 के 12 से 1 बजे के मध्य गोपाला हॉस्पिटल धमतरी के सामने खडी सीडी डिलक्स मोटर सायकल कमांक सीजी 04 एचएन 6319 को चोरी करना स्वीकार करने तथा आरोपी राहुल सोनी द्वारा चोरी के मो.सा. को अपने घर से तथा आरोपी विनोद देवागंन द्वारा घटना में प्रयुक्त अपने मो.सा. को अपने घर से बरामद कराने पर आरोपीगण से पृथक-पृथक विधिवत जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटीकोतवाली धमतरी में अपराध क्र263/24 धारा 379,34 भादवि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पकडे गये आरोपी में विनोद देवागंन पिता जुगल किशोर देवागंन उम्र 43 वर्ष पता जालमपुर दीवान तालाब बजरंग चौक के पास धमतरी थाना सिटी कोतवाली धमतरी, राहुल सोनी पिता आदित्य नारायण सोनी उम्र 24 वर्ष पता अधारी नवागांव किसान राईस मिल सुलभ शौचालय के पास धमतरी थाना सिटी कोतवाली धमतरी। उक्त कार्यवाही में थाना सिटीकोतवाली से सउनि अनिल यदु, प्रआर पारस सोन, आर महेश्वर ध्रुव, सायबर प्रभारी निरी सन्नी दुबे, प्रआर, लोकेश नेताम, देवेंद्र राजपूत आर योगेश नाग, आनंद काटकवार, विकास दिवेदी फ नेश साहू, युवराज ठाकुर कृष्णा पाटिल, देवेंद्र साहू का विशेष योगदान रहा।

## जिले में प्री बीएड और प्री डीएलएड परीक्षा संपन्न

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित प्री बीएड और प्री डीएलएड की परीक्षा जिले में शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने प्रथम पाली के परीक्षा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर परीक्षा संचालन का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सभी परीक्षा केंद्रों में सुचारू रूप से परीक्षा संचालित किया जा रहा था। इस अवसर पर परीक्षा के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा भी मौजूद रहे। इस दौरान समन्वयक एवं शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद के प्राचार्य डॉ आर के तलवरे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में संचालित परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के बैठने की सुचारू व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्था की गई थी।

# पूर्व विधायक के नेतृत्व में नपं तुमगांव व बिजली दफ्तर का घेराव आज

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com



तुमगांव क्षेत्र के गांवों में अघोषित विद्युत कटौती तथा तुमगांव नगर पंचायत द्वारा कराए गए विभिन्न कार्यों में हुई अनियमितता को लेकर पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के नेतृत्व में सोमवार 1 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक नगर पंचायत तुमगांव तथा वहां से रैली निकालकर शाम 4 बजे विद्युत वितरण केंद्र का घेराव किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता, प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। पूर्व संसदीय सचिव सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि विगत 6 माह के भाजपा सरकार के कार्यकाल में अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या से महासमुंद विधानसभा के तुमगांव क्षेत्र के ग्रामीण हलाकान हैं। वोल्टेज की समस्या के कारण ग्रामीण बिजली उपकरणों का उपयोग तक नहीं कर पा रहे। बीते गर्मी सीजन में 10-10 घंटों तक बिजली कटौती की गई। जो अभी भी सतत जारी है। इससे बुजुर्ग, बच्चे, मरीजों को अत्यधिक परेशानी हो रही है। सरप्लस बिजली वाले राज्य में साय-साय बिजली की घंटों कटौती की जा रही। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या नहीं हुई। बिजली बिल हॉफ योजना के माध्यम से न्यूनतम बिल से उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। लेकिन, वर्तमान में साय सरकार द्वारा बिजली दरों में वृद्धि कर बिजली बिल फूल तथा बिजली सप्लाई हॉफ कर दी गई है। जिसके विरोध में क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस जनों के साथ विद्युत वितरण केंद्र का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसी तरह तुमगांव नगर पंचायत नाली निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण में अनियमितता, नलों से गंदे पानी की आपूर्ति एवं अधिक जलकर वूसली के विरोध में नपं तुमगांव का घेराव कर जवाब मांगा जाएगा।

# स्वरोजगार से स्वालंबन तक



पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

आस्था वूमेन सोशल संस्था द्वारा एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण अंतर्गत स्वरोजगार से स्वालंबन तक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमे सामाजिक कार्यकर्ता इस्माइल खान ने महिलाओं को स्वरोजगार से किस तरह स्वालंबन की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं तथा शासन के सहयोग और संगठन के माध्यम से सशक्त हो सकते हैं उसे अवगत कराया संस्था अध्यक्ष विपिन मोहती द्वारा महिलाओं के प्रशिक्षण पश्चात मार्केटिंग की व्यवस्थाओ से अवगत कराया गया समाजसेवी तारिणी चंद्राकर द्वारा महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण से अवगत कराते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया व संगठित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा गिरी गोस्वामी व आभार निरंजना चंद्राकर द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तरा विदानी सरिता साहू सबिता मोहती आरती मोहंती शबनम धनवानी अदिति चंद्राकर व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# प्रदेश में सरकार बदलने के साथ लगातार 3 री बार नियम विरुद्ध परिसीमन : पंकज

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व पार्षद पंकज साहू ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 तथा नगर पालिका (वार्डो का विस्तार) नियम 1994 के नियम 6 के तहत वार्डो के सीमा निर्धारण संबंधी नियम है। जिसमे प्रत्येक 10 वर्षो में नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत 3 से 5 किमी के दायरे में पड़ने वाले ग्राम क्षेत्र को नगर पालिका क्षेत्र में जोड़ने के लिए परिसीमन किया जाना है और वार्डो की संख्या बढ़ाने एवम वार्डो की संख्या नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत 40 से अधिक नही हो सकता। इसी तरह जब जनसंख्या 1 लाख से अधिक हो जाएगी तब निगम का दर्जा प्राप्त होने संबंधी नियम है। परंतु प्रदेश में सरकार के बदलने के साथ ही लगातार ये तीसरी बार नियम विरुद्ध और नियम के विपरीत परिसीमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महासमुंद पालिका क्षेत्रान्तर्गत वर्ष 2014-15 में नियम के विपरीत परिसीमन करते हुए वार्डो की संख्या 18 से 21 फिर 21 से 24 बाद 24 से 30 किया गया। दूसरा परिसीमन 2019-2020 में किया गया है अब 20024-25 में लगातार 3 री बार नियम के विपरीत परिसीमन किया जा रहा है। जिससे आम नागरिकों के पता संबंधी अनेक शासकीय व अन्य कार्यो में दस्तावेज संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ेगा? आखिर राज्य सरकार क्यो और किसे लाभ पहुचाने के लिए नियम विपरीत परिसीमन कर वार्डो की सीमा कम करके संख्या बढ़ा रही है और जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है? इसका जवाब क्षेत्र के सांसद और विधायक तथा सता के नुमाइंदों को देना चाहिए? यदि परिसीमन करना है तो अधिनियम व नियम के शर्तो का अनुपालन करते हुए किया जाना चाहिए जिससे आगामी समय में निगम का दर्जा प्राप्त करने का मार्ग प्रसस्त हो।

## मुख्यमंत्री साय सहित भाजपा के दिग्गज नेताओं ने सुना मोदी की मन की बात



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्वदेशी भवन, न्यू शांति नगर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् यह पहला मन की बात कार्यक्रम था। इस अवसर पर रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद समेत अनेकों पदाधिकारियों, कार्यकर्ता बंधुओं एवं मीडिया के मित्रों की उपस्थिति रही।

# ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है भाजपा : भूपेन्द्र चन्द्राकर

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com




आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल की सी बी आई द्वारा पुनः गिरफ्तारी को लेकर भाजपा कार्यालय के घेराव का राष्ट्रीय विरोध प्रदर्शन की घोषणा की थी जिसे लेकर छत्तीसगढ़ इकाई ने भी इसका जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें महासमुन्द जिले के सैकड़ो आप कार्यकर्ता रायपुर में प्रदर्शन में शामिल हुए। पार्टी ने भाजपा कार्यालय के पास की जगह पर जिला प्रशासन से अनुमति मांगी गई थी लेकिन प्रशासन ने इसकी अनुमति नही दी बाउजूद इसके आप के नेता बूढ़ापारा धरना स्थल से इस विरोध प्रदर्शन को निकाल कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों व पुलिस के बीच भारी जोर आजमाइश हुई आप के पदाधिकारियों द्वारा बार बार भाजपा कार्यालय तक जाने की मांग करते रहे लेकिन पुलिस ने भारी बल प्रयोग कर उन्हें सप्रे शाला मैदान के आगे ही रोक दिया। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह तानाशाही की पराकाष्ठा है अरविंद केजरीवाल को कोर्ट ने बेल दे दिया था लेकिन ईडी ने हाइकोर्ट जा कर कहा कि हमे सुना नही गया जबकि 6 घंटे तक इस मामले में ईडी की दलील निचली अदालत ने सुनी इस तरह का यह पहला मामला है जिसमे दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री के साथ इस तरह बर्ताव हो रहा है छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार भी हमे इस आंदोलन को करने से रोक रही है देश मे अब आंदोलन करने का अधिकार भी वह हमसे छीनना चाहती है और जिस तरह से केंद्र के इशारो पर ई डी व सीबीआई का दुरुपयोग हो रहा है वह बेहद गलत है भाजपा अगर आम आदमी पार्टी को ख़त्म करने के उद्देश्य से काम रही है तो मोदी सरकार मुगालते में है आज जिस तरह से विपरीत परिस्थितियों के बाउजूद अरविंद केजरीवाल को रिहा कराने के लिए पूरे छत्तीसगढ़ के क्रन्तिकारी साथी सुकमा, बीजापुर राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई अम्बिकापुर, महासमुन्द, रायपुर, बिलासपुर, गरियाबंद, राजिम से स्वस्फूर्त इस विरोध प्रदर्शन में जिस तरह से शामिल हुए वह अन्य पार्टियों में आपको देखने नही मिलेगा भजपा मुगालते में है कि वो हमें खत्म कर देगी लेकिन ऐसा होगा नही। भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे उनके कुत्सित कार्यो को दिल्ली की जनता देख रही है कि किस तरह से दिल्ली के जन लोकप्रिय नेता अरविंद केजरीवाल जी को झूठे केश में फसाया गया व उन्हें व पार्टी को बदनाम करने की नाकाम कोशिश कर रहे है। एक दिन जरूर न्याय होगा व केजरीवाल जी को ये रोक नही पाएंगे इनके पास कोई सबूत नही है, ये कोर्ट को गुमराह कर रहे जिस दिन सच सामने आएगा उस दिन देश की जनता भाजपा के षडयंत्र को अपने आंखों से देखेगी जल्द ही सब कुछ जनता सामने आने वाला है। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से भूपेन्द्र चन्द्राकर, संतोष चन्द्राकर, सकील खान, नीलम ध्रुव, श्रवण यादव, कादिर चौहान, चमन यादव, इमरान खान, मेघा चन्द्राकर, मधु यादव, सेवाराम साहू आदि सैकड़ों आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।

# राजधानी रायपुर का कुनकुरी सदन दूर दराज के मरीजों के लिए बना आशा का केन्द्र

## सदन में मरीजों और उनके परिजनों के रूकने और इलाज के लिए अस्पताल लाने ले जाने का भी इंतजाम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर प्रदेश के दूर दराज के क्षेत्र से उपचार के लिए राजधानी रायपुर आने वाले मरीज और उनके स्वजनों की सुविधा के लिए कुनकुरी सेवा सदन शुरू किया गया है। इस सदन में विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे मरीजों और उनके परिजनों के रहने की अच्छी व्यवस्था हैं। यहां मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। यहां डॉक्टर सहित मेडिकल टीम और मरीजों को अस्पताल लाने ले जाने के लिए एंबुलेंस की सेवा भी निःशुल्क उपलब्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कुनकुरी सेवा सदन पहुंचे और यहां रहकर स्वास्थ्य लाभ उठा रहे मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मरीजों से उनकी बीमारी और चल रहे उपचार की जानकारी लेने के साथ ही कुनकुरी सदन में मिल रही सुविधा के संबंध में विस्तार से जाना। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा और विधायक पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान सदन के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि बचपन से दिव्यांग कांसाबेल से आयी सात वर्षीय बालिका रिया को पिछले दो महीने से फिजियोथेरेपी का लाभ मिलने से अब उसकी सेहत में सुधार दिखने लगा है। वहीं कुनकुरी से आयी रीटा कायतर दुर्घटना के पश्चात चल पाने में असमर्थ थी। परंतु अब कुनकुरी सदन में रहकर डीकेएस हॉस्पिटल से निरंतर फिजियोथेरेपी कराने पर उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। दो माह पूर्व बस्तर में सड़क दुर्घटना में घायल श्री नीतिश कुमार का एक पैर काटना पड़ा। वर्तमान में उनका उपचार डीकेएस हॉस्पिटल में हो रहा है। उन्हें और उनके परिजनों को सदन में ठहरने एवं भोजन की अच्छी व्यवस्था मिल रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कुनकुरी सदन में महिला एवं पुरूष डॉक्टर तथा मेडिकल स्टॉफ पदस्थ हैं, जो यहां पर सबकी सेवा कर रहे हैं। यहां दूरस्थ अंचलों से मरीज इलाज के लिए आए हुए हैं। यहां किसान से लेकर सभी वर्ग के लोग इलाज के लिए आते हैं। सभी को सदन में मार्गदर्शन भी दिया जाता है और उनका सहयोग भी किया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के नाम पर इस सदन का नाम कुनकुरी सदन रखा गया है। यहां पर प्रदेश भर से इलाज के लिए आए मरीजों को जिन्हें किसी मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है और शुरुआती दौर में अस्पताल में बेड अलॉट नहीं हो पाता उन्हें यहां के अधिकारी सहयोग करते हैं, मार्गदर्शन देते हैं। अस्पताल में चिकित्सकों से बात करके उनका समुचित इलाज की व्यवस्था भी करते हैं। सरकार की योजनाओं की मदद से उनका इलाज होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक जीवन की शुरूआत से ही जरूरतमंद मरीजों का इलाज कराने में मेरी रूचि रही है। गौरतलब है कि रायपुर में अंबेडकर मेडिकल कालेज, मेकाहारा, एम्स सहित निजी चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रदेश के दूरस्थ अंचलों से रोजाना सैकड़ों जरूरतमंद लोग रायपुर पहुंचते हैं। इन लोगों की जरूरत को महसूस करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुनकुरी सेवा सदन की शुरूआत की पहल की है। 50 बिस्तर की क्षमता वाले इस सेवा सदन का शुभारंभ इसी साल मार्च में हुआ है। अब तक हजार से अधिक लोगों को इस सदन का लाभ मिल चुका है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मेडिकल सेवा को लेकर बहुत संवेदनशील रहे हैं। सांसद और केन्द्रीय मंत्री रहने के दौरान भी उन्होंने बीमार मरीजों की जरूरत और उनकी सहायता करने के लिए तत्परता से काम करते रहे हैं। मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ का कमान संभालने के बाद, कुनकुरी सदन जशपुर सहित पूरे प्रदेश के मरीजों की आशा का नया केन्द्र बन गया है। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए मुख्यमंत्री साय ने कार्यकाल के पहले दिन से ही सख्ती दिखानी शुरू कर दी थी। उन्होनें शपथ लेने के बाद एंबुलेंस सेवा को सुधारने का पहला निर्देश अधिकारियों को दिया था। इसके साथ ही सभी सरकारी अस्पतालों में सस्ती जेनरीक दवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी मुख्यमंत्री के पहल पर हो चुकी है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री



■ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेशवासियों से एक पेड़ लगाने का किया आग्रह

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के शांति नगर स्थित स्वदेशी भवन पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, मुख्यमंत्री के सलाहकार पंकज झा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कर नयी जानकारियां साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने केरल की अट्टापड़ी गांव की स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए जा रहे मारथुंबी छाता का जिक्र करते हुए कहा कि उनके छाता को एक ब्रांड मिल गया है तथा उनके उत्पाद में बढ़ोत्तरी हो गयी है। हमारे देश में मोदी के नेतृत्व में खिलाडियों को विभिन्न खेलों में विशेष अवसर प्रदान हो रहे हैं जिससे खिलाड़ी देश और विदेश में परचम लहरा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए प्रदेश की जनता से आग्रह किया कि आप सभी अपने घरों, बाड़ी, खेतों एवं आस पास अपनी माता जी के साथ एक पेड़ अवश्य लगाएं। इससे देश की 140 करोड़ आबादी यदि एक भी पेड़ लगाती है तो यह पर्यावरण के क्षेत्र में क्रांति होगी। खेल मंत्री टंक राम वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के करोड़ों लोगों की मन की बात को पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर लोकेश कावड़िया, नितिन पटेल, अनुप खेलकर, सुदीप, प्रीतम महानंद सहित बड़ी संख्या में श्रोताजन उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भाटापारा पहुंचने पर किया गया आत्मीय स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाटापारा नगर में आदिवासी गोंड़ समाज मावली महासभा द्वारा सांस्कृतिक भवन लोकार्पण एवं रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह में पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्थानीय हैलीपैड पहुँचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। हैलीपेड में भाटापारा विधायक इंद्र साव, भाटापारा पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, बिलाईगढ़ सनम जांगड़े स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, समाज प्रमुखों, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, डीएफओ मयंक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने सभी चाटर्ड एकाउंटेंट को 'सीए डे' की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक जुलाई 'सी.ए. डे' के अवसर पर देश और प्रदेश के सभी चाटर्ड एकाउंटेंट को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि चाटर्ड एकाउंटेंट किसी भी देश, प्रदेश के औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। चाटर्ड एकाउंटेंट अपनी कुशलता से आर्थिक विकास को मजबूत आधार प्रदान करते हैं। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण है। उन्होंने सभी सी.ए. से छत्तीसगढ़ में वित्तीय प्रबंधन को मजबूत बनाने की दिशा में सहयोग की अपील की है।

# हथकली में शाला प्रवेशोत्सव के साथ न्यौता भोज कराया गया

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला हथकली और उच्च प्राथमिक शाला हथकली, संकुल-हासेल विकासखंड-कोंडागांव, जिला-कोंडागांव के मदापील क्षेत्र में शाला प्रवेश उत्सव एवं न्यौता भोज का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में कक्षा पहली के बच्चों को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केशव मंडावी एवं पलकों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया, साथ ही कक्षा छठवीं के बच्चों का भी तिलक लगाकर स्वागत किया गया, इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों को राज्य शासन से प्राप्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तक और निःशुल्क गणवेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर बच्चों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया गया तथा सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। प्रधान पाठक रमेश कुमार आनंद द्वारा बच्चों को कॉपी पेन वितरण किया गया। न्यौता भोजन में बच्चों को फल मिठाई पूरी सब्जी परोसा गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम पंचायत हथकली के सरपंच जागेश्वरी मंडावी,पंच शनि मंडावी, उच्च प्राथमिक शाला हथकली के शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष जगदीश मंडावी,उच्च प्राथमिक शाला हथकली के प्रधान अध्यापक दयाशंकर पात्र एवं शिक्षक दानेश्वर सिंह,अनित सलाम, कृपा राम बरिहा,हेमनंदनी,वेदप्रकाश एवं शालाग्राम के पालक उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विदित है कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के पदाधिकारियों और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाता है, इसी कडी में 30 जून रविवार को मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया द्य मुक्तिधाम के अंदर बड़ी बड़ी जंगली घासों को काटा गया और झाड़ू लगाकर कचरा उठाया गया द्य स्वच्छता मिशन में मेरी भागीदारी - मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी, स्वच्छ भारत- सुंदर भारत, भारत माता की जय नारों के साथ स्वच्छता अभियान का समापन किया गया द्य इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोंडागांव व्यापारी संघ के सदस्य रतन दत्ता, नगरपालिका परिषद कोंडागाँव से संतोष साहू और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 200 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार पर जमकर लाठी डंडों से किया हमला एक ही परिवार के तीन लोग गम्भीर रूप से घायल

पायनियर संवाददाता ◄ पखांजूर
www.dailypioneer.com



गोण्डाहुर थाना क्षेत्र के पिव्ही 52 का है एक दबंग परिवार दस लोगों द्वारा पीड़ित परिवार के जमीन के ऊपर से जबरदस्ती सड़क बनाने को लेकर हुआ विवाद पीड़ित परिवार का कहना है कि अपने ही गांव के उत्पल मंडल, प्रेमचन्द, विधान,निमचन्द एवं एक शासकीय शिक्षक विद्युत और उनके ही परिवार के लोगो द्वारा मेरे पट्टे के जमीन के ऊपर से जबरदस्ती सड़क बना रहा था जिसका हम बिरोध करने पर उत्पल मंडल के परिवार के दस लोगो द्वारा लोहे के रॉड एवं डंडों से सिर पर प्राणघातक हमला किया ग्रामीणों द्वारा पखांजूर शासकीय सिविल अस्पताल में लाया गया, इन्द्रजी पात्र, पत्नी बिना पात्र एवं जयंत की गंभीर हालत देखते हुये रायपुर रेफर कर दिया गया, फिलहाल घायल परिवार द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज नही किया गया।

# भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी भाजपा सरकार की पहचान बन गयी : दीपक बैज



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी साय सरकार की पहचान बन गयी है। बिना कमीशन के प्रदेश में किसी विभाग में कोई काम नहीं हो सकता। आबकारी, पीएचई, कृषि सभी विभागों में कमीशन के टारगेट फिक्स हो गये है। अब तो लोग साय सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफलामबंद हो रहे है। आबकारी विभाग में अधिकारी दुकानों को कमीशन का टार्गेट दे रहे है, इसका वीडियो वायरल हो रहा है। राजनांदगांव के कांट्रेक्टर एसोसिएशन के द्वारा जल जीवन मिशन योजना में ठेकेदारों को भुगतान के एवज में पीएचई विभाग के ईई और एसडीओ द्वारा 10 प्रतिशत की कमीशन मांगे जाने की लिखित शिकायत विगत 2 अप्रैल 2024 को जल जीवन मिशन के प्रदेश संचालक से की है। डेढ़ महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने उक्त शिकायत पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया है। मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के मंत्रियों का मौन इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार की सहमति और संरक्षण में ही लूट का यह खेल खेला जा रहा है।


## सार्वजनिक सूचना

**(गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवालियेपन समाधान प्रक्रिया के संबंध में)**

यह कि, गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड के संबंध में कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के दिनांक 29.11.2023 के आदेश द्वारा शुरू हुई, जिसके अनुसार गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड और उसकी परिसंपत्तियों के संबंध में स्थगन बनाए रखने का निर्देश दिया गया है, जिस पर दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 18 (1) और धारा 25 के अनुसार समाधान पेशेवर का नियंत्रण और प्रबंधन निहित है।

आम जनता के सभी सदस्यों को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियां कॉर्पोरेट देनदार की हैं और इसके बारे में किसी भी आपत्ति/दावे को वर्तमान नोटिस के 10 दिनों के भीतर सबूत के साथ समाधान पेशेवर को प्रस्तुत करना आवश्यक है।

| क्रमांक | विवरण | प्लॉट और खतियान नंबर |
|---|---|---|
| 1 | गांव: लाभांडी, हल्का 00065, तहसील: रायपुर, जिला: रायपुर, राज्य: छत्तीसगढ़ | प्लॉट संख्या : 410/1, 511/1, 411/2, 411/3, 15006/1, 15006/30, 414/2, 414/3, 414/1, 415/1, 415/3, 393/4, 394/6, 394/7, 393/5. खतियान संख्या 1202. |
| 2 | गांव: टेकारी, तहसील: अभनपुर, जिला : रायपुर, राज्य: छत्तीसगढ़। | प्लॉट संख्या: 595/1, 596/1, 596/2, 597/1, 598/1, 598/2, 598/3, 598/4, 598/5, 598/7, 598/8, 598/9, 599/1, 600/1, 600/2, 600/3, 601/2, 602/1, 602/2, 603/1, 603/2, 604/1, 604/2, 604/3, 604/4, 604/5, 605/1, 605/2, 606/1, 606/2, 607/1, 608/1, 609/1, 610/1, 611/1, 612/1, 612/2, 612/3, 612/4, 612/5, 612/6, 612/7, 613/1, 613/2, 613/3, 613/4, 613/5, 614/1, 614/3, 615/1, 615/2, 615/3, 616/2, 616/3, 616/4, 618/2, 735/1, 735/4, 735/5, 737/1, 738/1, 740/2, 741/2, 742/1, 743/2, 744/1, 744/2, 744/3, 744/4, 746/1, 746/2, 746/3, 764/4. |
| 3. | गांव: कोलार, तहसील : अभनपुर, जिला: रायपुर, राज्य: छत्तीसगढ़। | प्लॉट संख्या: 1/2, 2/1, 2/2, 3/1, 3/2, 4/1, 4/3, 4/4, 5/2, 5/3, 5/4, 5/5, 6/1, 6/2, 6/3, 6/5, 6/6, 6/7, 7/1, 7/2, 7/3, 8/1, 8/3, 8/4, 10/1, 10/3, 10/5, 11/1, 11/7, 11/8, 11/9, 11/10, 12/1, 12/2, 12/3, 12/06, 12/7, 12/08, 17/1, 18/2, 18/3, 19/1, 19/4, 19/7, 19/9, 19/10, 19/11, 19/12 19/14, 19/15, 19/16, 20/1, 20/2, 21/1, 22/1, 22/5, 22/6, 22/8, 22/9, 23/1, 23/3, 23/4, 24/1, 24/3, 26/4, 26/5, 26/7. |

सौमित्र लाहिरी
गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड के मामले में समाधान पेशेवर
IBBIAPA-001/IP-P00734/2017-2018/11232
फ्लैट 14D और E, टॉवर- 32, जीनेक्स वैली, जोका,
डायमंड हार्बर रोड, कोलकाता - 700104
ईमेल: slahiri0207@gmail.com, geekaycolonizers.ibc@gmail.com
फ़ोन : +91 33 23903644, सेल : +91 8420969857

दिनांक : 01.07.2024
स्थान : कोलकाता


## पौधरोपण के साथ पौधों की देख रेख भी अत्यंत आवश्यक : किरण भदौरिया

# स्वामी आत्मानंद स्कूल हिंदी मध्यम कन्या उ. मा. विद्यालय बचेली में किया गया पौधरोपण



पायनियर संवाददाता ◄ बचेली
www.dailypioneer.com

मीनू डाली दयाल एवं समस्त स्टाफ द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया जिसमे मुख्य रूप से प्राचार्य मीना डॉली दयाल बीजेपी महिला मोर्चा जिला महामंत्री किरण भदौरिया, विकास अग्रवाल विश्व हिन्दू परिषद जिला उपाध्यक्ष बचेली(दंतेवाड़ा) शामिल हुए । स्कूल-स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या उ.मा.वि. बचेली से समस्त शिक्षक/स्टाफ ने अपनी उपस्तिथि दी। प्राचार्य मीनू डाली दयाल ने पौधरोपड़ को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा की हम सभी को पौधरोपड करना चाहिए। किरण भदौरिया ने समर्थन देते हुए कहाँ पौधरोपण के साथ पौधों की देख रेख भी अत्यंत आवश्यक होती हैं ताकि पौधे विशाल साथ ही पौधों की देख रेख भी हो। पौधरोपण का महत्व हर नागरिक की जिम्मेदारी बच्चों को भी पौधरोपण का महत्व पता होना चाहिए। फलदार वृक्ष से ऑक्सीजन फल फूल पेपर भोजन छाया इतना कुछ प्राप्त होता हैं सभी को जागरूक रहने की जरूरत।प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल- -फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है।

## थानों में बांटा गया टेबलेट 'ई-साक्ष्य एप' के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



**कांकेर।** पुलिस अधीक्षक कांकेर इंदिरा कल्याण ऐलिसेला के निर्देशन में 30 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर में तीन नवीन कानूनों के प्रवर्तन के दिशा में ई-साक्ष्य एप के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया 7 ई साक्ष्य के उपयोग के लिए पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा सैमसंग टैबलेट उपलब्ध कराया गया है, इस एप्प के माध्यम से विवेचकों को अपराध अनुसंधान में मदद मिलेगी । इस दौरान मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर, गिरिजाशंकर साव उप पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन , अविनाश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी, मोहसीन खान अनुविभागीय अधिकारी(पुलिस) कांकेर, एवं समस्त थाना /चौकी प्रभारी, विवेचकगण उपस्थित रहे।



# प्रभास व महेश बाबू के साथ काम करना चाहती हैं राशि खन्ना

साउथ और हिंदी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस राशि खन्ना अपनी सुपरहिट फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने अपनी करियर की शुरुआत जॉन अब्राहम की फिल्म मद्रास कैफे से की थी, जो 2013 में रिलीज हुई। फिल्म में उनके काम को काफी पसंद किया गया। उन्हें इंडस्ट्री में आए एक दशक पूरा हो चुका है।

एक्ट्रेस ने अपनी टॉलीवुड विश लिस्ट के बारे में बात की। उनकी विश लिस्ट में प्रभास और महेश बाबू जैसे स्टार्स के नाम शामिल हैं, जिनके साथ वह काम करना चाहती हैं।

राशि ने कहा, मैं महेश बाबू के साथ काम करना चाहती हूं। मैंने यह कई बार कहा है। मुझे लगता है कि हमारी जोड़ी ऑन स्क्रीन काफी अच्छी लगेगी। एक्ट्रेस ने कहा कि वह प्रभास के साथ भी काम करना पसंद करेंगी। उन्होंने कहा, वह बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं। मुझे कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर बहुत पसंद आया। मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। फिलहाल, राशि के पास कई फिल्में हैं, इनमें द साबरमती रिपोर्ट और तलाखों में एक शामिल हैं। दोनों फिल्मों में उनकी जोड़ी एक्टर विक्रांत मैसी के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा, उनकी एक तेलुगु फिल्म तेलुसु कड़ा भी पाइपलाइन में है।


द साबरमती रिपोर्ट की बात करें, तो यह ड्रामा थ्रिलर फिल्म 2002 में साबरमती एक्सप्रेस पर हुई सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह फिल्म 2 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

राशि को पिछली बार सुंदर सी द्वारा निर्देशित कॉमेडी हॉरर फिल्म अरनमनई 4 में देखा गया था। उन्होंने डॉक्टर माया का किरदार निभाया। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया भी लीड रोल में थी। फिल्म में रामचंद्र राजू, संतोष प्रताप, कोवई सरला, योगी बाबू, वीटीवी गणेश और दिल्ली गणेश भी हैं। इसका निर्देशन सुंदर सी ने किया।

राशि ने 2014 में तेलुगु फिल्म ऊहालु गुसागुसलाडे से साउथ इंजस्ट्री में कदम रखा। श्रीनिवास अवसारला द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक ड्रामा में नागा शौर्य भी लीड रोल में थे। इसे एडमंड रोस्टैंड के फ्रेंच प्ले साइरानो डे बर्गेरैक से रूपांतरित किया गया है। उनकी एक्टिंग को लोगों ने काफी पसंद किया। इसके बाद वह 2015 में फिल्म बंगाल टाइगर में नजर आईं।

इस फिल्म में वह रवि तेजा के साथ रोमांस करती दिखाई दीं।

# कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन की कमाई में मामूली बढ़त



कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म चंदू चैंपियन में कार्तिक आर्यन की उम्दा अदाकारी की चारों ओर खूब तारीफ हो रही है। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई के आंकड़े निराशाजनक हैं।14 जून को रिलीज हुई यह फिल्म टिकट खिड़की पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।पिछले कुछ दिनों से चंदू चैंपियन की कमाई में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रही है, लेकिन 12वें दिन फिल्म के कारोबार में मामूली उछाल आया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जहां चंदू चैंपियन ने 11वें दिन 1.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, वहीं अपनी रिलीज के 12वें दिन यह फिल्म 2 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इसी के साथ अब इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 53 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म में विजय राज और राजपाल यादव ने भी अहम भूमिका निभाई है।बता दें कि चंदू चैंपियन की एक टिकट पर दूसरी बिल्कुल मुफ्त मिल रही है।

चंदू चैंपियन के बाद कार्तिक फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगे, जिसमें उनकी जोड़ी पहली बार तृप्ति डिमरी के साथ बनी है।विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसी अभिनेत्रियां भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाने वाली हैं।यह फिल्म 12 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। भूल भुलैया 3 2007 में आई कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया की तीसरी कड़ी है। साल 2022 में इस फिल्म का सीक्वल आया था।



# काली साड़ी पहन एक्ट्रेस श्रिया सरन ने इंटरनेट पर लगाई आग, कातिलाना अदाएं दिखाकर लूटा फैंस का दिल

साउथ की हसीन अदाकारा श्रिया सरन आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसमें वो काफी ज्यादा खूबसूरत नजर आ रही हैं।

बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना श्रिया सरन आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं।

वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनके कातिलाना लुक से फैंस नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्रिया सरन ने ब्लैक कलर की बेहद ही स्टाइलिश साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ज्यादा स्टनिंग नजर आ रही हैं। फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस श्रिया सरन ने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज दिए हैं। इन तस्वीरों में उनकी बेबाकी थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बालों को खोलकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अपने आउटलु को कंप्लीट किया है।

# बॉक्स ऑफिस पर मुंज्या की कमाई तीसरे सप्ताह में भी जारी, 100 करोड़ रुपये की ओर कारोबार



इन दिनों चारों ओर शरवरी वाघ और अभय वर्मा की फिल्म मुंज्या की चर्चा हो रही है।यह फिल्म स्त्री, रूही और भेड़िया निर्मित मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का एक हिस्सा है।7 जून को रिलीज हुई यह फिल्में दर्शकों पर अपना जादू चलाने में सफल रही है। तीसरे सप्ताह में भी इस फिल्म को खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है।अब मुंज्या की कमाई के 19वें दिन के आंकड़े सामने आए हैं।

फिल्म की कमाई की बात करें तो 'मुंज्या' ने रिलीज के पहले हफ्ते में 4 करोड़ कलेक्शन किया था। वहीं पहले हफ्ते में 'मुंज्या' की कमाई 35.3 करोड़ रुपये रही और दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 32.65 करोड़ का कारोबार किया। वहीं तीसरे हफ्ते के तीसरे शुक्रवार फिल्म ने 3 करोड़, तीसरे शनिवार 5.5 करोड़, तीसरे संडे 6.85 करोड़ और तीसरे सोमवार 2.25 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मुंज्या' ने रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार 2.15 करोड़ की कमाई की। इसी के साथ 'मुंज्या' के 19 दिनों का कुल कलेक्शन अब 87.70 करोड़ रुपये हो गया है।

के
शापित

**हिंदी सिनेमा में हॉरर कॉमेडी मूवीज को काफी पसंद किया जा रहा है। हाल ही में रिलीज हुई मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर अपनी कमाई से हर रोज धमाल मचा रही है। इस शैली में अब सुपरनैचुरल कॉमेडी ककुड़ा की चर्चाएं हो रही है। मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट्ट लुक जारी किया है, साथ ही रिलीजिंग डेट से भी पर्दा उठाया है।**

फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख और साकिब सलीम लीड रोल में हैं। सोशल मीडिया पर मेकर्स ने एक डरावना पोस्टर शेयर किया। इस पोस्टर में रितेश बीच में खड़े हैं और उनके हाथ में एक डिवाइस है। उनके बाएं हाथ पर टैटू है और आंखों में काजल लगा हुआ है। उनके बगल में सोनाक्षी हैं, जो डरी-सहमी नजर आ रही हैं। उन्होंने टॉर्च पकड़ी हुई है। रितेश के दूसरी तरफ साकिब हैं, जो गुंडे की तरह दिख रहे हैं और टॉर्च पकड़े हुए हैं। तीनों के पीछे डरावनी परछाई है, जो उन्हें करीब से देख रही है। मेकर्स ने पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, पुरुषों के हित में जारी। ककुड़ा आ रहा है। 12 जुलाई को घर पर रहें और ठीक 7~15 बजे दरवाजा खुला रखना ना भूलें। अब मर्द खतरे में है। ककुड़ा की कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले

रतौड़ी गांव के ईद-गिर्द घूमती है। यहां हर घर में दो दरवाजे होते हैं, एक सामान्य आकार का और दूसरा उससे छोटा। फिल्म में अजीबोगरीब अनुष्ठान होते हैं, जिसके तहत हर मंगलवार को शाम 7~15 बजे हर किसी को अपने घर के छोटे दरवाजे को खुला रखना होता है, जो ऐसा नहीं करता, उस पर ककुड़ा अपना प्रकोप बरसाता है। वह घर के मुखिया को भयंकर सजा देता है। ककुड़ा कौन है और वह गांव के पुरुषों को सजा क्यों देता है, गांव वालों को अभिशाप से कैसे मुक्ति मिलेगी?, यह सब फिल्म रिलीज होने पर पता चलेगा।



# क्या आपको भी लगता है, आपका फ़ोन किसी ने हैक किया हुआ है

हैकिंग कई तरह से होता है , सामान्यतः कुछ लोग नेटवर्क ऑपरेटर के एप्लिकेशन से करते है जिसमे सिर्फ कॉल लॉग और एसएमस को ट्रैक किया जाता है, जिसमे हैकर आपके यूजेस डिटेल्स को ट्रैक करता है । उदाहरण के लिए माय जिओ ऐप्प को लेते है।आप कैसे पता करेंगे कि आपका मोबाइल नम्बर का यूजेस डेटा कोई एक्सेस कर रहा है 7 इसके लिए सबसे पहले आप my jio ऐप्प इनस्टॉल कर लीजिए , फिर menu पर क्लिक कीजिए फिर आपका मोबाइल नम्बर दिखाई देगा फिर उस पर क्लिक कीजिए , फिर वंहा सबसे नीचे लॉगआउट फ़ॉर आल डिवाइस दिखाई देगा। वहां से आप लॉगआउट फ़ॉर आल डिवाइस से करने से आपके डेटा किसी अन्य डिवाइस पर एक्सेस नही होगा।इस तरह आप खुद के निजी जीवन को सार्वजनिक होने से बचा सकते है।




# खाते वक्त बंद कर दें अपना फोन, वरना शरीर में आ सकती हैं कई खतरनाक बीमारियां

हर पल साथ रहने वाला फोन ही हमें बीमार बना रहा है। इसकी वजह से कई तरह की समस्याएं हो रही हैं। इतना ही नहीं पेट में भी एक खतरनाक बीमारी फैल रही है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, आजकल हम अपने गैजेट्स हर जगह लेकर जाते हैं। यहां तक कि बाथरूम में भी इसे नहीं छोड़ते हैं। जिसकी वजह से गैजेट्स पर कई बैक्टीरिया पाए गए हैं, जिनसे बीमारियां फैल सकती हैं। फोन से हमेशा हीट निकलती है, ऐसे में यह बैक्टीरिया के लिए सबसे सुरक्षित जगह होती है। स्क्रीन पर बैक्टीरिया के अलावा वायरस, फंगी और प्रोटोजोआ भी जम जाते हैं, जिनसे डायरिया, फूड पॉइजनिंग, सांस की बीमारी और स्किन इंफेक्शन का खतरा हो सकता है।

### किन-किन लोगों को खतरा

फिटनेस ट्रैक करने के लिए स्मार्ट वॉच पहनने वालों को भी सावधान रहना चाहिए। इसके बैंड और स्क्रीन पर भी कई तरह के खतरनाक बैक्टीरिया पो जाते हैं, जो स्किन इंफेक्शन, टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम, ब्लड, लंग्स में निमोनिया या अन्य अंगों में इंफेक्शन और दस्त की वजह बन सकते हैं। ऐसे लोग जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है, उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। कई-



कई घंटों तक ईयरफोन या ईयरपॉड पहने रहने से कान का तापमान और नमी बढ़ जाती है, जिससे संक्रमण का रिस्क रहता है।

### फूड इंफेक्शन होने का डर

स्मार्टफोन की सतह पर स्टैफिलोकोकस ऑरियस नाम का जीवाणु मिलता है। इसे स्टैफ भी कहा जाता है, जो स्किन इंफेक्शन को बढ़ा सकता है। इस बैक्टीरिया के संपर्क में आने से फूड पॉइजनिंग का खतरा भी रहता है। इसलिए खाने के समय गैजेट्स का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें, क्योंकि गैजेट्स के जरिए बैक्टीरिया हाथ, चेहरे और मुंह तक आसानी से पहुंच सकता है।

# टीनएजर्स पर कितनी रोक-टोक लगाना सही, जानें उन्हें कैसे दिया जाए स्पेस?

**बच्चा जब टीनएज में पहुंच जाता है तो वह अक्सर अपनी प्राइवेसी और स्पेस को लेकर नाराजगी जताने लगता है। अगर आप भी टीनएजर्स के पैरेंट्स हैं तो आपने भी तमाम ऐसी सिचुएशंस का सामना किया होगा, जिसमें बच्चा इस तरह की बातें करता है। ऐसे में पैरेंट्स कई बार कंफ्यूज हो जाते हैं कि जिन बच्चों को एक वक्त पर हर समय उनकी जरूरत होती थी, वे अब आजादी जैसी बातें क्यों करने लगे हैं? आइए आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे आप समझ पाएंगे कि टीनएज में पहुंच चुके बच्चों को कैसे समझा जाए।**



### प्राइवेसी की जरूरत को समझना जरूरी

बच्चों की भलाई के लिए सभी पैरेंट्स सोचते हैं, जो कि एक नॉर्मल प्रक्रिया है। हालांकि, उन्हें कभी इस बात से भी इनकार नहीं करना चाहिए कि प्राइवेसी का अधिकार हर किसी के लिए है। जब बच्चा टीनएज में पहुंच जाता है तो उसके पास अपने दोस्तों से बातचीत करने के लिए तमाम टॉपिक हो सकते हैं। इनमें नए क्रश पर चर्चा से लेकर करियर गोल्स तक शामिल हो सकते हैं। ऐसे में पैरेंट्स को यह समझना जरूरी है कि अब बच्चे अपनी हर बात आपसे शेयर नहीं कर सकते हैं। ऐसे में उनकी पहचान का सम्मान करना जरूरी हो जाता है। अगर हम उनकी बातों को सम्मान करेंगे तो वे खुद ही अपने सीक्रेट्स पैरेंट्स को बताने के लिए तैयार रहेंगे।

### बच्चों की जरूरत के हिसाब से करें काम

बच्चों की प्राइवेसी जरूरी है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं होता कि उन्हें आपकी जरूरत नहीं है। हर बच्चा अलग होता है और अलग तरीके से काम करता है। अगर पैरेंट्स उन पर ध्यान नहीं देते हैं तो बच्चा अक्सर पूछ लेता है कि मैंने तो आपको बताया था।। क्या आपने मेरी बात सुनी थी। पैरेंट्स को हमेशा इस तरह की सिचुएशन से बचना चाहिए।

### बच्चों में आ रहे बदलाव को समझें

डिजिटल युग के दौरान बच्चों में भी कल्चरल बदलाव भी आ रहा है। जैसे वे देर रात में बाहर जाने के लिए बड़ों से परमिशन लेना पसंद नहीं करते हैं। भले ही यह आपके परिवार में कॉमन न हो। ऐसे में आपको बच्चों के साथ बैलेंस बनाने की जरूरत होती है, जिससे आपके बच्चे अनकंफर्टेबल महसूस न करें।

आप अपने बच्चे को अनुशासन में रखने की जगह महीने में दो बार अपने दोस्तों के साथ मस्ती करने की परमिशन दे सकते हैं। साथ ही, उन्हें उनकी जिंदगी में आने वाली मुसीबतों की जानकारी देकर उन्हें आगाह कर सकते हैं।

# क्रिमिनल लॉ एंड एक्ट' के तहत आपराधिक विधि अधिनियमों में हुये परिवर्तन पर कार्यशाला

## कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नवीन आपराधिक विधि अधिनियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

1 जुलाई 2024 से प्रभावशील होने वाले 03 नवीन आपराधिक विधि अधिनियमों के संबंध में आज रविवार को बेमेतरा के निजी कॉलेज के सभागृह में सुबह 11 बजे से न्यू क्रिमिनल लॉ एंड एक्ट के तहत आपराधिक विधी अधिनियमों पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई और विधि अधिनियमों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा, देवेन्द्र कुमार (जिला एवं सत्र न्यायाधीश), पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, उमेश कुमार उपाध्याय (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), निधि शर्मा, (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण), प्रणीश चौबे अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, बृजमोहन शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता, जनपद पंचायत बेमेतरा अध्यक्ष एवं सदस्यों तथा जनपद पंचायत, सहित कलेक्टरेट कार्यालय के अधिकारी, परिवार न्यायालय एवं जिला न्यायालय की टीम, पुलिस प्रशासन की टीम, मीडिया के सदस्य, सरपंचो सहित सर्व परियोजना अधिकारी, एकीकृत महिला एवं बाल विकास, जिला बेमेतरा एवं सर्व पर्यवेक्षक, एकीकृत महिला एवं बाल विकास एवं जिले के अधिकारी और कॉलेज के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कार्यशाला में तीन नविन क़ानून की जानकारी देते हुये प्राचीन काल के समाज में होने वाले नियम क़ानून से लेकर वर्तमान में समय के साथ साथ लोगों की जरूरतों को देखते हुये क़ानून में होने वाले संशोधन के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा की अभी के नये क़ानून कुछ कुछ पुराने कानून में संशोधन कर बनाये गए हैं तथा कुछ नये पॉइंट जोड़े गए हैं और अनावश्यक विधी को हटाया गया है। 01 जुलाई 2024 से जो नये कानून है वह प्रभावशाली होंगे जिसमे नये क़ानून के सम्पूर्ण गाइडलाइन दी गई है। इस क़ानून के आने के न्याय और पारदर्शिता होंगी इससे नागरिकों को न्याय दिलाने में सहायता होगी। उन्होंने कहा की नये क़ानून का उद्देश्य आमजनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है, इसलिए नवीन कानून के बारे में जानकारी होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा की प्राचीन समय में समाज को व्यवस्थित करने के लिए कानून बनाया गया, विधि बनाई गई और उन विधि और कानून का सबको पालन करना होता था ।उन्होंने कहा कि प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समय का निर्धारण किया गया है। पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। विशेषकर अपराधिक मामलों में तलाशी एवं जप्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाएगी। समय के साथ-साथ चीजे बदलती है, और कानून धीरे-धीरे बदलता है। अभी और एक बड़ा भारत सरकार द्वारा नया सेक्टर खोला है इंडियन साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर इसमें साइबर अपराध के लिए भी कानून बन रहे हैं, और समाज को व्यवस्थित रखने के लिए कानून बहुत जरूरी होता है, नहीं तो समझ में अपराध बढ़ जाएगा। कलेक्टर शर्मा ने वर्तमान कानूनों द्वारा दंड के स्थान पर न्याय को वरीयता देने, पुलिस व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, कम्युनिटी पुलिसिंग आदि विषयों पर बात की। जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार ने नये क़ानून के बारे में बताते हुये कहा की कहा कि एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे। उन्होंने कहा कि नये कानून वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरल करने के लिए लाया गया है। नये तीनों कानून, न्याय और नागरिक सुरक्षा के लिए लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नये कानून के साथ हम सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगे तो ज्यादा बेहतर काम कर पाएंगे। उन्होंने 1 जुलाई से लागू होने वाले नये आपराधिक कानून के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पुराने क़ानून में संसोधन और कुछ नियम जोड़े गए हैं। ताकि भारत का नया कानून से सरलता से लोगों को न्याय मिले, अब हम देशवासी सोचेंगे कि अब हमें न्याय प्राप्त होगा। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा की यह जो वर्तमान में कानून है, वह स्वतंत्रता से पहले बना था जो की ब्रिटिशो के द्वारा बनाया गया था उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि तीन नए आपराधिक कानूनों में भारतीय दंड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। इसी तरह दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लागु किया जाना है। उन्होंने कहा की नए कानून का मुख्य उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव, नागरिक केन्द्रित एवं कल्याणकारी अवधारणा, महिला सुरक्षा एवं न्याय, अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक, डिजीटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के प्रावधान, उचित नियंत्रण एवं संतुलन के साथ पुलिस का सामन्जस्यपूर्ण सशक्तिकरण और समयबद्ध प्रक्रिया, साक्ष्य संग्रह और प्रस्तुति की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के साथ ही मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देना है द्य भारतीय न्याय संहिता ने यौन अपराधों से निपटने के लिए 'महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध' नामक एक नया अध्याय पेश किया है। उन्होंने भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 में दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार करते हुए इसमें इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ईमेल, सर्वर लॉग्स, कंप्यूटर पर उपलब्ध दस्तावेज, स्मार्टफोन या लैपटॉप के संदेश, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य को शामिल किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड 'दस्तावेज' की परिभाषा में शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त बयान 'साक्ष्य' की परिभाषा में शामिल। इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड को प्राथमिक साक्ष्य के रूप में मानने के लिए और अधिक मानक जोड़े गए, जिसमें इसकी उचित कस्टडी-स्टोरेज-ट्रांसमिशन-ब्रॉडकास्ट पर जोर दिया गया। इसके साथ ही सेमिनार में नए आपराधिक विधि अधिनियमों का परिचय हाल ही में संशोधित और लागू किए गए अधिनियमों का संक्षिप्त विवरण, विधि अधिनियमों में किए गए प्रमुख बदलावों का विश्लेषण किया गया । प्रभाव और अनुपालन की चुनौतियाँ अंतर्गत नए अधिनियमों का समाज और कानूनी प्रणाली पर प्रभाव, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और न्यायपालिका के लिए अनुपालन की चुनौतियाँ पर चर्चा की गई। प्रौद्योगिकी और आपराधिक न्याय अंतर्गत डिजिटल साक्ष्यों और साइबर अपराधों की बढ़ती महत्वपूर्णता, डेटा सुरक्षा और गोपनीयता के नए मानदंड, मानवाधिकार और आपराधिक न्याय, अभियुक्तों के अधिकार और उनकी सुरक्षा आदि पर विस्तृत चर्चा की गई।

## पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने व्यापारी संघ के के मांगों को लेकर मंत्रियों से चर्चा की



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पिछले दिनों राजहरा व्यापारी संघ का प्रतिनिधि मंडल विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर विभिन्न मांगो से अवगत कराया ।इस परिप्रेक्ष्य में डॉक्टर रमन सिंह ने उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री को पत्र भेज कर इन समस्याओं को दूर करने की अपेक्षा की। पत्र में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से कहा गया कि दल्ली राजहरा नगर से संबंधित विभिन्न मांगो को लेकर गोविंद वाधवानी, अध्यक्ष राजहरा व्यापारी संघ द्वारा द्वारा मेरे समक्ष उपस्थित होकर दल्ली राजहरा के उत्थान एवं विकास के लिए निम्नानुसार निवेदन किया गया है जिसमें केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण एवं दल्ली राजहरा नगर को एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने। 270 एकड़ भूमि का पट्टा निःशुल्क या रियायत दर पर प्रदान करने। 130 एकड़ भूमि को भी राजस्व विभाग को दिये जाने। नगर में सर्व सुविधायुक्त 100 बिस्तर सरकारी हॉस्पिटल का निर्माण करने। बायपास सड़क का निर्माण करने। रेलवे भूमि पर बसे सभी लोगो को पट्टा प्रदाय करने खनिज न्यास निधि की 50 प्रतिशत राशि राजहरा के विकास में दिये जाने। . सप्ताह में तीन दिन चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन बिलासपुर तक चलाये जाने की बात है। अतः कृपया उक्क्त मांग पत्र पर आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला प्रशासन एवं अन्य संबंधित को निर्देशित करना चाहेंगे। इसी के साथ डा.रमन सिंह ने, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा को पत्र भेजते हुए कहा कि दल्ली राजहरा, जिला बालोद में मल्टीप्लेक्स स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स निर्माण किये जाने के सम्बंध में। समस्त अध्यक्ष एवं सचिव, खेल संघ / एसोसिएशन जिला बालोद द्वारा अवगत कराया गया है कि खेलो इंडिया खेलो इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के तहत दल्ली राजहरा, जिला बालोद में मल्टीप्लेक्स स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स निर्माण कार्य की प्रारम्भिक प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, खेल संघ के पदाधिकारियों द्वारा शीघ्र ही दल्ली राजहरा में मल्टीप्लेक्स स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु निवेदन किया है। आवेदन मूलतः संलग्न प्रेषित है। अतः उक्त आवेदन पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करना चाहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा संबंधित मंत्रियों को भेजे गए पत्र में अब ऐसा महसूस होने लग गया है की दल्ली राजहरा नगर में रुके हुए काम अब आरंभ होंगे।

# शिविर के माध्यम से 61 लोगों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

आजाद नगर वार्ड क्रमांक 2 में 28 जून को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया था। जिसमें शिविर के माध्यम से 61 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखूराम साहू ने वार्डवासीयों को आयुष्मान कार्ड के उपयोगिता के विषय में जानकारी दी उन्होंने कहा कि भारत सरकार की यह एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके तहत किसी व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब होने से शासन के द्वारा गंभीर चिन्हांकित बीमारी का इलाज चिन्हांकित अस्पताल में ए.पी.एल. परिवार का पचास हजार तक एवं बी. पी. एल. परिवार का पांच लाख तक इस कार्ड के माध्यम से इलाज होता है बड़े अस्पतालों में इलाज में होने वाले महंगी खर्चों से बचें और सरकार के द्वारा लाए गये आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ उठाकर अपनी गाढ़ी कमाई की बचत करें। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने नगर वासियों से निवेदन किया है कि जिस व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वह अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मचारी एवं मितानीन से सम्पर्क करके आयुष्मान कार्ड बनवा लें एवं शासन की योजना का अवश्य लाभ लें। आयुष्मान कार्ड बनाने की शिविर सोमवार 1 जुलाई को वार्ड नंबर 22 जेडी ऑफिस के पास सतनाम भवन में लगाया जाएगा। समीप रहने वाले वार्ड वासियों से उन्होंने निवेदन किया है कि जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वह इस शिविर के माध्यम से अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवा लें। 28 जून को आयुष्मान कार्ड शिविर में स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखु राम साहू, आयुष्मान कार्ड सलाहकार ललित जोशी, वार्ड पार्षद ममता नेताम, समाज सेविका द्रौपदी साहू, मितानिन भावना नायक, रंजना निर्मलकर एवं अन्य महिलाएं और पुरुष भी उपस्थित थे।

# वन विनाश के कारण विभागीय अमला, वर्षो से जमे हुए है कर्मचारी



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम वन मंडल में बहुत से अधिकारी कर्मचारियों का गृह क्षेत्र तथा एक ही स्थान पर वर्षो से जमे होने के कारण वन क्षेत्र का रकबा घटते जा रहा है। इनका माफियाओं से सीधा संपर्क, अवैध कटाई सहित निर्माण कार्यो में फर्जीवाड़ा में मिलीभगत होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। वर्षो से एक ही स्थान पर जमे कर्मियों को इधर से उधर करने पर अवैध कारोबार पर अंकुश लग सकता है।

### अंगद की पैर की तरह जमे कर्मचारी

कबीरधाम वन मंडल कार्यालय सहित परीक्षेत्र अधिकारी कार्यालय और बिट में एक ही स्थान पर वर्षो से कुछ अधिकारी कर्मचारी जमे हुए है साथ ही लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की भी वही हाल है। जिस स्थान पर उनकी प्रथम नियुक्ति होता है उसी जगह से सेवानिवृत होते देखे जा सकते है। जिसके चलते उनका सभी तरह के लोगो से संबंध हो जाता है और कार्यवाही करने के बजाए संबंध निभाते हुए दिखाई देते हैं।

### कार्यवाही के बजाए संबंध निभाते हैं अमला

एक ही स्थान पर वर्षो से जमे होने के कारण माफ्यिाओं , तस्करों से सीधा संपर्क स्थापित हो जाता है साथ ही क्षेत्रवासियों से भी संबंध मधुर हो जाता है जिसके चलते जंगल की कटाई कर अवैध कब्जा करने वाले के ऊपर कार्यवाही करने में झिझकते है। उनके ऊपर कार्यवाही करने के बजाए उन्हें ज्ञान की पाठ पढ़ाते हुए रिश्तेदारी निभाते हुए उन्हें बचाने का भरपूर कोशिश करते दिखाई देते है।

### अवैध कटाई,अतिक्रमण के जिम्मेदार है विभाग

जंगलों की अवैध कटाई और अतिक्रमण की जानकारी कोई व्यक्ति गोपनीय तरीके से उच्च कार्यालय को देता है तो उच्च कार्यालय अपने अधिस्थ को ही कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करते है। जिसपर कार्यवाही करने के बजाए आरोपियो को शिकायत करने वाले के नाम को पहले से ही बता दिए जाते है जिसके चलते माफ्यिाओ और आरोपियों के हौसले बुलंद दिखाई देते हैं। विभागीय कर्मचारी उनसे मिल कर गलत कार्यो को अंजाम देने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

### स्थानांतरण की आवश्यकता

वन मंडल अधिकारी के विशेषाधिकार है कि वो अपने कार्यक्षेत्र में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों को प्रशासनिक व्यवस्था के चलते इधर से उधर स्थानांतरण कर सकते हैं। कुछ कार्यालयीन और गैर कार्यालयीन कर्मचारी जो वर्षो मे एक ही स्थान पर अंगद की पैर की तरह जमे हुए है उनका सूची तैयार कर फेरबदल करने की आवश्यकता है जिससे कार्य में सुधार आने की संभावना है और भाई भतीजावाद प्रथा खत्म हो जाएगा।

# वार्डों में सफाई ठेका की मियाद खत्म... आज हो सकती है एमआईसी, टेंडर को लेकर बैठक में भिड़ंत के आसार, आज से 27 वार्डों में सफाई व्यवस्था सिर्फ निगम के हवाले

## सफाई ठेका में बंटवारे को लेकर द्वंद जारी, चेयरमेन टेंडर रद्द करने पर अड़े



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम के ठेका वार्डों में सफाई व्यवस्था को लेकर विकट स्थिति निर्मित हो गई है। 28 जून को प्रस्तावित महापौर परिषद की बैठक में सफाई ठेका के टेंडरों पर निर्णय लिया जाना था। लेकिन ऐन वक्त पर यह जरुरी बैठक महापौर का स्वास्थ्य बिगड़ने के चलते टालनी पड़ गई। दूसरी ओर 30 जून को मौजूदा सफाई ठेका के वर्क ऑर्डर की आखिरी तारीख थी। एक जुलाई से ठेका सफाई कर्मचारी काम नहीं करेंगे। इस स्थिति में शहर के 27 ठेका वार्डों में भी सफाई व्यवस्था बेपटरी हो जाएगी। सफाई ठेका को लेकर निगम में खींचतान लंबे समय से चल रही है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बीच नए ठेकों के लिए टेंडर बुलाने, फॉर्म बांटने और फिर गुपचुप टेंडर खोल दिए जाने को लेकर पहले ही विवाद की स्थिति बनी हुई है। निगम के स्वास्थ्य विभाग के चेरयमेन गणेश पवार भी टेंडर्स के खिलाफ हैं। वे कह चुके हैं कि बगैर उनकी सहमति के टेंडर खोल दिए गए जो कि गलत है। वे एमआईसी में इसे निरस्त करने की मांग रखने वाले थे। जबकि इससे पहले ही उन्होंने इस संबंध में शिकायतें कर दी हैं।

### मंगलवार तक हो सकती है एमआईसी

महापौर शनिवार को अस्पताल से घर लौटीं हैं। आसार हैं कि सोमवार या मंगलवार को प्रस्तावित एमआईसी की बैठक कर ली जाएगी। इसमें 11 विषय शामिल हैं। बैठक में ही सफाई ठेका के टेंडर पर फैसला होना है। स्वास्थ्य विभाग के चेयरमेन द्वारा इसकी खिलाफत किए जाने के बाद क्या स्थिति बनती है यह एमआईसी की बैठक में ही स्पष्ट होगा। एमआईसी सदस्य यह भी आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा नेताओं के दबाव में निगम अधिकारियों ने आचार संहिता के दौरान ही इसकी प्रक्रिया शुरु कर दी थी।

### नहीं हो सका फैसला तो क्या होगा

एमआईसी की बैठक में दो जरुरी मुद्दों पर बहस छिड़ सकती है। इनमें एक लाइट खरीदी और दूसरा सफाई ठेका का विषय शामिल है। अगर, एमआईसी सफाई ठेका के लिए खोले गए टेंडर नहीं पास करती है तो यह प्रक्रिया आगे के लिए टल जाएगी। अत्यावश्यक सेवाओं में शामिल सफाई को लेकर निगम को जल्द एक्शन लेना होगा। गौरतलब है कि, सफाई ठेका पार्षदों और नेताओं द्वारा चलाए जाने के आरोप लगते हैं। निगम में अक्सर सफाई ठेका दोनों दलों के नेताओं के बीच बराबर-बराबर रिंग बनाकर बांटा जाता है। इसके चलते ही इस बार के सफाई ठेके में विवाद खड़ा हो रहा है।

### 45 लाख खर्च होते हैं

शहर के 27 वार्डों में सफाई ठेके पर हर माह तकरीबन 45 लाख रुपए खर्च होते हैं। सफाई ठेकेदारों के लगभग 300 कर्मचारी यहां सफाई करते हैं। इनके हिस्से सड़क, नाली की सफाई, कचरे का कलेक्शन से लेकर ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव और एंटी लार्वा दवाईयों का इस्तेमाल भी सफाई के लिए किया जाता है। टेंडर की प्रक्रिया लटकने से वार्डों में यह कार्य बंद कर दिया जाएगा।

### निगम के पास 300 सफाई कर्मचारी

नियमित और मस्टररोल सफ्ई कर्मियों के अलावा प्लेसमेंट के सफाई कामगारों को मिलाकर निगम के पास 300 सफाई कर्मियों की गैंग है। सफाई ठेकों के अटकने पर पूरे शहर में स्वच्छता का जिम्मा इस गैंग पर ही आ जाएगा। हालांकि अनमें बढ़ोतरी कि जा सकती है। 27 वार्डों का काम बढ़ने पर निगम के सामने एक बड़ी चुनौती होगी। इसका असर स्वाभाविक तौर पर दिखेगा। हालांकि, निगम अधिकारियों का कहना है कि, व्यवस्था बना ली जाएगी।

## दल्लीराजहरा की जनसंख्या दिनों दिन घटने का कारण शिक्षा और स्वास्थ के क्षेत्र में पिछड़ना



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष परितोष हंसपाल ने डौन्डी लोहारा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया के मार्गदर्शन में एवं नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर से चर्चा कर उनके नेतृत्व में लौह अयस्क नगरी के नगरवासियों की लंबे समय से लंबित केंद्रीय विद्यालय की मांग के संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि नगर दल्ली राजहरा की जनसंख्या दिनो -दिन घट रही है, उसका कारण है नगर का शिक्षा और स्वास्थ के क्षेत्र में पिछड़ना। बालोद जिले को केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिलने पर, जिस दल्ली राजहरा में सबसे अधिक केंद्रीय कर्मचारी निवासरत हैं, जहां केंद्रीय विद्यालय एक संजीवनी बूटी के समान है, लंबी लड़ाई के बाद तत्कालीन कैबिनेट मंत्री एवं अनिला भेड़िया द्वारा पत्राचार कर बी.एस.पी प्रबंधन व प्रशासन से ज़मीन उपलब्ध करवा कर केंद्रीय विद्यालय दल्ली में स्थापित करने का आव्हान किया था, प्रशासन द्वारा उस दल्ली राजहरा से लगे क्षेत्र नगर पंचायत चिखलाकसा में जमीन का चयन किया गया था परन्तु प्रशासनिक लापरवाही और लचर कार्यप्रणाली के कारण आज तक किसी प्रकार के ि यान्वन के अभाव में जनता इस सौगात से वंचित है। इसके साथ ही उन्होंने ज़िम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही के साथ जल्द इस मामले में संज्ञान ले कर केंद्रीय विद्यालय दल्ली राजहरा में स्थापित करने का निवेदन किया था।

## सभी दस्तावेज संलग्न कर भरे गए थे महतारी वंदन योजना का फार्म

# सैकड़ों महिलाएं महतारी वंदन से वंचित, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा शहर के मोहभट्ठा वार्ड क्रमांक 6 के वार्डवासियों को शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन का लाभ नहीं मिलने के कारण नगर पालिका की पार्षद नीतू कोठारी वार्ड 6 के छाया पार्षद लक्ष्मण यादव ने वार्डवासियों के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मोहभट्ठा की सभी महिलाओं ने महतारी वंदन योजना का फार्म आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशनकार्ड, बैंक खाता, परिचय पत्र, विवाह प्रमाण पत्र आदि संलग्न कर निर्धारित 20.02.2024 के पूर्व जमा किये है। आंगनबाड़ी की चस्पा सूची में 176 महिलाओं का नाम नहीं होने पर सम्बंधित आंगनबाड़ी से जानकारी ली गई तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बताया गया कि सभी फार्म नगर पालिका के कर्मचारी लेकर गये है। इस अवसर मे शिव पाटिल, किशोर साहू, रमेन्द्र निषाद, प्रहलाद पाटिल, दीपक देवांगन, राजकुमार निषाद, कृष्णा देवांगन एवं रूखमणी साहू, पुन्नी बाई साहू वार्ड की समस्त महिलाएं उपस्थित रही। नगर पालिका की पार्षद नीतू कोठारी ने बताया कि वार्डवासियों ने महतारी योजना का लाभ नहीं मिलना बताया तो सभी महिलाओं के आधार को वेबसाईट से भुगतान की स्थिति चेक करने पर फार्म अप्राप्त होना बताया। कोठारी ने आगे ये भी कहा कि मामला गंभीर है इस मामले की जांच कर लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारी पर उचित कार्यवाही करते हुये सभी महिलाओं को महतारी योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें।

मोहभट्ठा के पूर्व पार्षद शिव साहू ने बताया कि वार्डवासियों द्वारा महतारी वंदन के आवेदन शिविर में बुलाने पर कांग्रेस पार्षद द्वारा यह कहा जाता रहा की मेरी को जवाबदारी नहीं है इसी तरह वार्ड की प्रत्येक समस्याओं को अवगत कराने पर हमेशा जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आते है। छाया पार्षद लक्ष्मण यादव ने बताया कि जनप्रतिनिधि व विभागों की लापरवाही का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है यदि वार्ड के जनप्रतिनिधि ने सक्रियता से महतारी वंदन के आवेदन शिविर में उपस्थित होते तो जनता के साथ खिलवाड़ नहीं होता।

**लक्ष्मण यादव**

वार्ड की महिलाओं ने बताया कि पार्षद को शिविर में कई बार बुलाया गया वे नहीं आये साथ ही महतारी वंदन की किश्त नहीं आने की जानकारी दी गई तब भी उन्होंने ध्यान नहीं दिया जिसके कारण हमें महतारी वंदन की किश्तों से वंचित होना पड़ रहा है।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओ ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 111 एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ जिसके लिए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कार्यलय बेमेतरा मे विधायक दीपेश साहू के निर्देशानुसार भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने पीएम मोदी के मन की बात कार्य म को सुनाद्य जिसमें सभी से आग्रह किया की अपनी मां के नाम अवश्य एक पेड़ लगाए, प्रकृति पर्यावरण की, विकसित भारत की, समृद्ध संस्कृति की, गौरवशाली इतिहास की, भारत के प्रयास की, सहित विभिन्न विषयों को ध्यान से सुना इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री रेवा राम निषाद,, शहर महामंत्री संतोष वर्मा, युगल देवांगन, अनिल रजक, कमलेश वर्मा अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर बेमेतरा, पप्पू देवांगन, प्रकाश साहू, गोपी देवांगन, सुरेन्द्र साहू,राकेश साहू भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# जमीन घोटाला कि जाच के बाद भी शासन–प्रशासन शिकन्जा से कोसो दूर

## शिकायत सही पाए जाने पर भी अब तक कार्यवाही आखिर क्यों नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सक्ती जिले के वनक्षेत्र छितापंड़रिया-झालरौन्दा-खम्हरिया, बेल्ट की खनिज सम्पदा से परिपूर्ण बेशकीमती भूमि को भूमाफियाओं की नजर लग चुकी है जिनके द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और राजस्व विभाग के कर्मचारियों से मिलीभगत कर सैंकड़ों एकड़ शासकीय जमीन की खरीदी बिक्री से करोड़ों का वारा-न्यारा करते हुए बंदरबांट किया गया है जिसकी शिकायत अनेकों बार की जा चुकी है लेकिन शायद जाँच अधिकारियों की जेबें भी गर्म कर दी जा रही है, जिससे अब तक कोई भी रजिस्ट्री निरस्त नहीं की गई है जबकि जाँच के दौरान शिकायतकर्ता की शिकायत सही पाई गई है।

### झालरौन्दा में शासकीय बड़े झाड़ के जंगल की हो गई रजिस्ट्री व नामांतरण

एक ऐसे ही मामले की शिकायत शिकारीनार निवासी पत्रकार अनिल चंद्रा द्वारा मंत्रालय तक की गई थी जिसके लगभग दो वर्ष बाद जाँच दल गठित हुई और मौके पर जाँच दल पहुंची भी और जाँच पर शिकायत सही पाया गया लेकिन अब तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होना यह बताने के लिए काफी है कि मामला कहाँ और क्यों अटका है।

### तहसीलदार ने उच्चाधिकारियों को नहीं सौंपी फाइल

यह बात अपने आप में चौंकाने वाली है कि जाँच के लगभग पखवाड़े भर बीत जाने के बाद भी तहसील कार्यालय भोथिया से जाँच प्रतिवेदन अपने उच्चाधिकारियों को नहीं सौंपी गई है तो क्या तहसीलदार ही मामले को दबाने में लगे हुए हैं और यदि ऐसा है तो आखिर उनकी कोई मजबूरी है या कोई स्वार्थ? क्योन्कि उक्त भूमि को खरीदने और बेचने वाले दोनों ही पक्ष बड़े नेताओं के करीबी माने जाते हैं।

### अगले पांच साल में नहीं बचेगी कोई शासकीय जमीन

यदि यही हाल रहा तो झालरौंदा गाँव में यह चर्चा आम हो चली है कि जिस गति से झालरौंदा और आसपास की जमीनों की बिक्री हो रही है और इतने शिकायतों के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से अगले पांच साल में सभी सरकारी जमीन खदान मालिकों के नाम होने से कोई नहीं रोक सकता है।

-शिकायतकर्ता की मानें तो बीते कुछ सालों में भूमाफियाओं पर कोई कार्यवाही नहीं होने से जैजैपुर और भोथिया तहसील अंतर्गत अनेकों शासकीय बेशकीमती जमीनों को शाजिश के तहत राजस्व अमलों व दलालों द्वारा पहले अपने लोगों के नाम पर दर्ज किया जाता है फिर मोटी रकम पर बड़े उद्योगपतियों को बेच कर आपस में बंदरबाँट किया जाता है जैसे कि पूर्व में आमगाँव स्थित भूमि का किया गया था। वर्तमान में, छितापड़रिया, झालरौन्दा, खम्हरिया, अकलसरा, दर्राभांठा, आमगाँव एवं जैजैपुर की शासकीय जमीनों को राजस्व अमले के कुछ गद्दार लोग चंद पैसों की लालच में बिक्री होने में सहयोग कर रहे है, जिसकी यदि उच्च स्तर पर साय सरकार सांय सांय कार्यवाही करे तो शासन को लाखों करोड़ों के राजस्व की हानि होने से बचाया जा सकता है।

**शिकायतकर्ता- अनिल कुमार चंद्रा**

-देखना पड़ेगा मुझे भी याद नहीं आ रहा है कि अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया हूँ या नहीं, आपको बाद मे बता पाऊंगा।

**रामनारायण पटेल** - पंचायत सचिव - झालरौन्दा

# हाथ का छाप बनाकर, मिठाई खिलाकर नि :शुल्क गणवेश और किताबें वितरण कर नवप्रवेशी बच्चों का किया गया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शाला प्रवेश उत्सव हर्ष के साथ मनाया गया। छह वर्ष के बच्चों को रंगीन कुर्सी पर बैठाकर, तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर व पुस्तक और गणवेश वितरण कर शाला में प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए शिक्षक गुलज़ार बरेठ ने सभी नवप्रवेशी बच्चों के हाथों का चार्ट पेपर पर छाप लिया। उसके पश्चात कक्षा पहिली से पांचवी तक प्रथम आने वाले सभी बच्चों को बालेश्वर स्मृति सम्मान से पुरस्कृत किया गया।

इसके साथ ही एकलव्य और नवोदय परीक्षा में चयनित और राज्य स्तर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी बालेश्वर स्मृति सम्मान से पुरस्कृत किया गया। कक्षा में प्रथम आने अमन कंवर,प्रवीण साहू, विद्या यादव, भूपेश साहू, प्रियांशु यादव, आस्था यादव स्टूडेंट ऑफ द ईयर के लिए गीत साहू, अंग्रेजी प्रतियोगिता में राज्य स्तर तक पहुँचने वाले बच्चे लक्ष्मी साहू, आरती साहू, एकलव्य विद्यालय में अब तक चयनित बच्चे प्रियंका सिदार, सौरभ सिदार, अरुण सिदार, रोहन सिदार इसी तरह नवोदय विद्यालय में चयनित कृष्णा बरेठ आदि सभी बच्चो को बालेश्वर स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। आपको बता दे कि बालेश्वर शासकीय प्राथमिक विद्यालय अमोदी का भूतपूर्व एक होनहार और मेधावी छात्र था। उसके याद में हर साल यह पुरस्कार स्कूली बच्चों को दिया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक ओर शिक्षाविद ए आर साहू ने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की बात कही। स्कूल के बेहतर संचालन के लिए शिक्षक गुलज़ार बरेठ और रामकुमार केंवट को शुभकामनाएं प्रेषित किये। उक्त कार्यक्रम में जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष अशोक साहू महेंद्र साहू, संतोष साहू श्याम बाई साहू, छोटेलाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, पालकगण और स्कूली बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गुलज़ार बरेठ और रामकुमार केंवट द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# गायत्री शक्तिपीठ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सिल्वर जुबली कार्यक्रम का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com





गायत्री शक्तिपीठ खरसिया का प्राण-प्रतिष्ठा 25 वा सिल्वर जुबली महोत्सव आगामी रथद्वितीया पर्व पर मुख्य अतिथि डा. विलियम एस नन्दा, कार्डियोलाजिस्ट की मौजूदगी में आयोजित किया जाएगा तथा उपरोक्त जानकारी देते हुए मुख्य ट्रस्टी सुरेश कबुलपुरिया ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ पीठ भुमि 5 अगस्त 1993 को भगत चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लालाराम, वासुदेव अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल रायगढ़ द्वारा ज़मीन दान देकर खरसिया नगर हृदय स्थल मैं इस कार्य का शुभारंभ किया गया, एवम इसके बाद गायत्री परिवार ट्रस्ट खरसिया का गठन किया गया, यह समस्त जानकारी गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी सुरेश कबुलपुरिया ने जानकारी देते हुए बताया गया कि जिस पर भव्य गायत्री शक्तिपीठ का निर्माण कर हाल कमरा गर्भ गृह में मां गायत्री मां लक्ष्मी मां दुर्गा की 5 फुट की प्रतिमा विराजमान हैं बग़ीचा यज्ञ स्थल सभी सहयोग से गायत्री शक्तिपीठ खरसिया का भव्य रूप दिया गया है,मुख्य ट्रस्टी सुरेश कबूलपुरिया ने बताया कि इस गायत्री शक्तिपीठ प्राण-प्रतिष्ठा रथद्वितीया पर्व पर 25 वर्ष पुर्व शान्ति कुंज हरिद्वार विषेश प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या के द्वारा वैदिक मन्त्रोंचार विधी विधान साथ ब्रम्ह मुहूर्त सुबह 5 बजे सम्पन्न हुआ था गायत्री शक्तिपीठ का 25 वीं सिल्वर जुबली वार्षिक उत्सव रथद्वितिया पर्व पर 07 जुलाई रविवार को शाम 7 बजे बड़े धूम-धाम से मनाया जाना है जिसमें मुख्य अतिथि सम्मानित डॉक्टर विलीयम ए नन्दा (एम डी मेडिसीन डी एन वी कार्डियोलाजिस्ट स्पेशलिस्ट) रायगढ़ मेट्रो हास्पिटल की गरिमामय उपस्थिति में शान्ति कुन्ज हरिद्वार प्रतिनिधि द्वारा वैदिक मन्त्रोंचार संगीत मय 1008 दिप प्रज्वलित कर गायत्री मन्त्रोंचार साथ सभी भक्तों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा एवं महाआरती शान्ति पाठ सिंचन बाद अमृत रुपी प्रसाद दिया जावेगा सभी धर्म प्रेमियों भाई बहनों माताओं से प्रार्थना किया जाता है रथ दुतिया पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ पहुंच कर मां का दर्शन कर माताओं से अपनी मनोकामनाएं मन में रख कर महा दिन यज्ञ में भाग लेकर पुण्य के भागी बनें अमृत रुपी प्रसाद प्राप्त करें सुचारू रूप से व्यवस्था बनाने में उप प्रबंधक ट्रस्टी जयप्रकाश अग्रवाल, उप प्रबंधक ट्रस्टी पवन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरुण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव राकेश, गायत्री ट्रस्टी डॉ. आर सी अग्रवाल, कोशल्या देवी, बिमला देवी, राजेश फगुरम, धनश्याम अग्रवाल, संदीप कबुलपुरिया, राकेश गर्ग, प्रहलाद गर्ग, प्रभात लाठ, संजय गोयल, विमल गर्ग, मनोज गोयल, अंकित बशल, आलोक अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुनील सुल्तानिया, राजेश धन्शु, विकास अग्रवाल, विवेक कबुलपुरिया अनिल गोयल, संजय गोयल दिपक मेडिकल, सुनील शर्मा जुटे हुए हैं।

# वोट बैंक की राजनीति के कारण हो रहा अवैध निर्माण एवं खरीदी बिक्री का गोरख धन्धा

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजेपुर के सामने का भूमि का मामला**

**नेताओं का अवैध धंधा होने के कारण शासन प्रशासन भी अपने हाथ खींचे**


पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत जैजैपुर में यह देखा जा रहा है कि जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत चल रहा है। क्योंकि यहां पर बेजा कब्जा जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत चरितार्थ है क्योंकि यहां पर बेजा कब्जा एक नहीं दर्जनों प्रकरण पड़े हुए हैं जिनके सामने में शासन प्रशासन भी घुटने टेक दिए। नगर पंचायत के मुख्य हृदय स्थल कहे जाने वाले आमापाली काम्पलेक्स जो कि अवैध रूप से दुकान का निर्माण किया गया है लेकिन शासन प्रशासन भी उनके सामने में नतमस्तक दिखाई पड़ रही है क्योंकि वहां पर लोगों की संख्या अधिक होने के कारण शासन भी कुछ नहीं कर पा रही है जहां पर अकेला देखकर शासन उनके ऊपर शिकंजा कसने का काम करती है। लेकिन अधिक संख्या होने के कारण कुछ नहीं कर सकती वहां पर लोग अपने अवैध मकान को बिक्री कर रहे हैं किराए पर दे रहे हैं इस तरह से उनका राज चल रहा है लेकिन शासन भी उनके सामने में झुका हुआ महसूस लग रहा है। जमीन की खरीदी बिक्री के साथ धनाडय के झोली भरते हुए नजर आ रहे हैं। यह मामला आमापाली कांपलेक्स जैजैपुर के आसपास पूरे एरिया में दर्जनों की संख्या में अवैध निर्माण कर मकान एवं दुकान बनाकर खरीदी बिक्री एवं किराए पर भी दिए जा रहे हैं जिनमें नगर के प्रतिष्ठित लोगों का होने के कारण वहां शासन भी हाथ डाल नहीं रही है पूर्व में भी अनेकों शिकायत हो चुका है इन पर हमारे शक्ति जिले के कलेक्टर को भी गौर करना चाहिए क्योंकि खरीदी बिक्री के साथ में वह जमीन को किराए पर दे रहे हैं यहां तक की शानन के बने मकान को भी कब्जा कर हासिल कर रहे हैं। जिनके पास नेता हो वकील हो उन पर शासन अपना हाथ आगे बढ़ना नहीं चाहती जिनके वजह से यहां पर इसी की आड़ में लाखों रुपए कमा रहे हैं और शासन भी उनके सामने में नतमस्तक बनी हुई है। वोट बैंक कि राजनीति के कारण जो भी अध्यक्ष बनते हैं वह भी इस परिसर में हाथ नहीं डालना चाहते क्योंकि आने वाले भविष्य में उन दुकानों पर यदि शिकंजा करेंगे तो उनका वोट बैंक खराब होगा इसलिए वह उन लोगों से छेड़छाड़ नहीं करते जिनकै वजह सै अवैध निर्माण कार्य पर किसी प्रकार की प्रतिबध नही लगाते हैं अवैध निर्माण इसलिए नगर पंचायत जैजैपुर में फल फूल रहा है।

## आज से महंगी हो जाएगी जिओ की सेवाएं, 20 फीसदी तक की रिचार्ज पर होगी भारी बढ़ोतरी

**सक्ति।** जिओ मोबाइल धारकों के लिए बुरी खबर है, तथा जिओ कंपनी ने अपनी सेवाओं को महंगी करते हुए अपने रिचार्ज में लगभग 20 फीसदी तक की भारी बढ़ोतरी की है,तथा अब पूर्व की बजाय अब रिचार्ज के कूपन कॉफी महंगे हो जाएंगे तथा शक्ति क्षेत्र में देखा जाए तो जिओ कंपनी की सेवाएं नेटवर्क के मामले में आए दिन बदतर होती जा रही है लेकिन जिओ कंपनी की सेवाएं बदतर होने के बावजूद आम मोबाइल धारकों के लिए महंगी भी हो रही है एवं अनेकों मर्तबा कंपनी के अधिकारियों तक विभिन्न माध्यमों से जिओ कंपनी की खराब सेवाओं की जानकारी देने के बावजूद कंपनी के अधिकारी इन सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कोई ध्यान नहीं देते तथा शक्ति शहर में ही देखा जाए तो यहां जिस तरह से जिओ कंपनी के मोबाइल धारकों की संख्या है उस अनुपात में कंपनी के मोबाइल टावर नहीं होने से अनेकों क्षेत्र में मोबाइल का डाटा ही काम नहीं करता तो कई बार घर के अंदर मोबाइल में बात भी नहीं होती तो आखिरकार मोबाइल धारकों की जेबों पर डाका डालकर जिओ कंपनी क्या करना चाहती है, यह तो समझ से पड़े हैं किंतु आने वाला महीना जिओ के मोबाइल धारकों के लिए बड़ा ही खर्चीला होगा।



# सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com






मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल द्वारा आयोजित निःशुल्क कैंसर जांच एवं निशुल्क नेत्र जाला शिविर बहुत ही सफल रहा, इस शिविर में 79 लोगों ने कैंसर की जांच कराई एवं नेत्र जाला शिविर में 354 लोगों ने अपनी आंखो से जाला निकलवाया, कैंसर वैन को स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने निवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस शिविर के लिए आर्थिक सहयोग करने के लिए रामनाथ भीमसेन परिवार के शिव अग्रवाल, कमल अग्रवाल, आशना अग्रवाल का भी धन्यवाद किया, शिविर में पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, पार्षद अमर बंसल, पुरषोत्तम सिंघानिया अग्रवाल सभा के सचिव मनमोहन अग्रवाल, राधेश्याम बंका, अग्र सेवा के संयोजक चिमन अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच के नेत्र दान, अंगदान की प्रदेश संयोजिका रीना अग्रवाल उपस्थित थे, इस शिविर को सफल बनाने में कार्यक्रम के संयोजक पंकज अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, कैलाश छापड़िया, कमल गुप्ता, आशीष अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल एवं मार्गदर्शक हरीश अग्रवाल, घनश्याम पोद्दार, कन्हैया अग्रवाल, विष्णु गोयल, सत्येंद्र अग्रवाल, संतोष तिवारी, राधेश्याम अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, संजय अग्रवाल क्षितिज अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, पुष्परंजन जैन, योगेश शर्मा, प्रभात अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, नवीन भुसानिया, प्रीति अग्रवाल, विष्णुस्वरूप अग्रवाल, श्याम शर्मा, विकास तिवारी, हेमंत तिवारी, विवेक सिंघल, मीनाक्षी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, रजनी अग्रवाल ने अपनी सहभागिता देते हुए शिविर को सफल बनाया। कार्यक्रम संयोजक पंकज अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी को धन्यवाद दिया और शिविर में आये हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद एवं आगे आप सभी आ सहयोग ऐसे ही मिलता रहे।

# एसपी की बड़ी कार्रवाई–पुलिस विभाग के प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक को किया निलंबित

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com




सक्ति जिले की ऊर्जावान आईपीएस पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने अपनी पदस्थापना के बाद से ही निरंतर पुलिस महकमें के अधिकारी- कर्मचारियों को जनता की सुरक्षा एवं अपराधों पर अंकुश लगाने के निरंतर निर्देश दिए थे, तथा पुलिस अधीक्षक ने अपने महकमें के लोगों को यह भी कहा था कि अगर किसी भी गलत कार्यों में विभाग के लोग संलिप्त पाए जाएगे तो तत्काल उन पर कार्रवाई की जाएगी तथा 29 जून को जिला पुलिस अधीक्षक ने वर्तमान में आरक्षी केंद्र शक्ति में पदस्थ प्रधान आरक्षक-13 अजय प्रताप कुर्रे एवं आरक्षक-192 मनोज लहरे को शक्ति थाना अंतर्गत हरदी के आम नागरिक से अपने खातों पैसा लेकर गरिमा के विपरीत काम करने एवं अणुनाशनहीनता को लेकर तत्काल निलंबित करने की आदेश जारी कर दिए हैं, तथा शक्ति जिला पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से जहां पुलिस महकमे में भी हड़कंप मचा हुआ है तो वही इससे पूर्व भी जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने महकमें के लोगों के खिलाफ ऐसी ही शिकायतों पर कार्रवाई की गई है, तथा आम जनता का भी कहना है कि जिले की पुलिस की मुखिया इसी तरह से अगर अपने पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों पर नियंत्रण बना कर रखेगी तो आने वाले दिनों में पुलिस विभाग द्वारा अनावश्यक आम जनता को की जाने वाले परेशानियों से उन्हें जरूर निजात मिलेगा।

# अमर सुल्तानिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर युवाओं में हर्ष

## अमर ने कहा– प्रत्येक राज्यों में होगा यूवा इकाई का गठन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



विश्व में अग्रवाल समाज के बंधुओ के सर्वव्यापी सबसे बड़े संगठन अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने 28 जून 2024 को अपने संगठन का विस्तार करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अग्रवाल समाज के युवाओं को संगठन की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में पहल करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश के जांजगीर बनारी निवासी युवा समाजसेवी अमर सुल्तानिया को अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल युवा सम्मेलन का प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है, तथा अमर सुल्तानिया को जहां अंतरराष्ट्रीय युवा अग्रवाल सम्मेलन का प्रथम अध्यक्ष बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के समाज के युवाओं ने सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल सहित केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी युवा टीम का गठन किया है तथा अमर सुल्तानिया को प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर जहां आने वाले दिनों में इस संगठन को मजबूती मिलेगी तो वहीं युवा भी आगे बढ़कर समाज के मुख्य धारा में काम करेंगे, वही अमर सुल्तानिया ने भी बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है, वे पूरे निष्ठा के साथ काम करेंगे एवं अंतर्राष्ट्रीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शीघ्र ही गठन कर देश के प्रत्येक राज्यों में अग्रवाल समाज के युवाओं को युवा अग्रवाल सम्मेलन से जोड़ने का काम करेंगे, साथ ही संगठन की सदस्यता अभियान के साथ ही संगठन द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय कार्यक्रमों का क्रियान्वयन भी बेहतर ढंग से हो इस दिशा में काम करेंगे, वहीं अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने भी युवा अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति पत्र में कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन आज पूरी दुनिया के विभिन्न देशों में सक्रिय रूप से काम करने वाला एक बड़ा सामाजिक संगठन है, तथा समाज में आज युवाओं की संख्या भी काफी है एवं युवा आज राष्ट्र का भविष्य है तथा समाज को भी आज ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो कि समाज के कार्यों को गति दे सके एवं भगवान अग्रसेन जी के बताएं मार्गों पर चलने के लिए वे पूरे समाज में जन जागरूकता का कार्य कर सकें,ज्ञात हो की अंतरराष्ट्रीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए अमर सुल्तानिया छत्तीसगढ़ प्रदेश के जांजगीर चांपा जिले के बनारी के निवासी हैं, तथा उनका पूरा परिवार जहां समाज सेवा के क्षेत्र में दशकों से अग्रणी रूप से कार्य कर रहा है तो वहीं उनके परिवार द्वारा श्री हरि लीला ट्रस्ट के माध्यम से प्रत्येक वर्ष स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक तथा सेवा के बड़े कार्य किया जा रहे हैं, एवं आज पूरे देश में उनके परिवार के कार्य लोगों के बीच एक बेहतर छवि बनाए हुए हैं। वहीं अमर सुल्तानिया स्वयं सामाजिक संगठनों के साथ-साथ धार्मिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में भी आज अग्रणी भूमिका में है, तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रत्येक गांव तक के अग्रवाल समाज के युवा उनसे सीधे जुड़े हुए हैं, तो वहीं देश के विभिन्न राज्यों में युवाओं से उनका सीधा संपर्क बना हुआ है,अमर सुल्तानिया जहां छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं, तो वहीं छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के उपाध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामंत्री, छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी, श्री श्याम एग्रो पावर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, हरि केसरी ऑयल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, श्री हरि लीला ट्रस्ट बनारी के ट्रस्टी सदस्य, सहित अनेको संगठनों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

# संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव, सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह





पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

संकुल लालपुर अंतर्गत संचालित प्राथमिक व माध्यमिक शाला डोमनापारा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव, सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह गणेश प्रसाद साहू प्रधान पाठक एवं मालती सिंह उच्च श्रेणी शिक्षक एवं न्योता भोज का आयोजन शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डोमनापारा संकुल केंद्र लालपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, संकुल प्राचार्या सुदीप्ता शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र जायसवाल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र पांडे, खंड स्रोत समन्वयक सुंदर राम कैवर्थ, सी ए सी लालपुर चंद्रभूषण सोनी ने अपना अमूल्य समय देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम में संकुल के समस्त विद्यालय एसएमसी के सदस्य ग्रामवासी एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा के द्वारा किया गया। सभी अतिथियों को बैच लगाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर पाठयपुस्तक व गणवेश दिया गया। सभी बच्चों को मिष्ठान खिलाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। डी इओ अजय मिश्रा, सुदीप्ता के द्वारा गणेश प्रसाद साहू एवं मालती सिंह को साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेट स्वरूप प्रदान किया गया। इसके पश्चात बच्चो एवं अतिथिगण को न्योता भोज कराया गया। सभी अतिथिगण को उपहार प्रदान कर ससम्मान विदाई दी गई। इस कार्यक्रम का आयोजन शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डोमनापारा के प्रांगण में किया गया। जिसमे माध्यमिक शाला के शिक्षक नील कुसुम कुजूर, कुमारी अन्नू सिंह, प्रतिभा नागर प्राथमिक शाला से एलोरा मुक्ता खलखो, किरण शुक्ला, किरण कुसुम कुजूर, प्रीति पटेल, रूपा गुप्ता एवं संकुल समन्वयक चंद्रभूषण सोनी का सराहनीय योगदान रहा।

# नरेन्द्र मोदी व बीजेपी पार्टी आदिवासियों का रखती है विशेष ध्यान : विष्णु देव साय

## बरसात के सीजन मे हर कोई अपने माता पिता के नाम पर एक पेड अवश्य लगाये : सीएम साय



### विधायक बनाये या ना बनाये, क्षेत्र की लड़ाई लडने वाला शिवरतन : बृजमोहन

पायनियर संवाददाता ॱ भाटापारा
www.dailypioneer.com

रविवार 30 जून को दोपहर 12:00 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक एवं क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, लच्छुराम कश्यप, पिंकी ध्रुव, लक्ष्मी वर्मा, सनम जांगड़े व आदिवासी समाज के नेताओं की उपस्थित मे विशाल आमसभा आयोजन रखा गया। जिसमें सुरकी रोड स्थित नवनिर्मित आदिवासी समाज भवन का वर्चुअल उदघाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा किया गया। वही मुख्यमंत्री द्वारा 10 वी व 12वी कक्षा के मेरिट स्तर पर उतीर्ण मेधावी छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उदबोधन मे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आदिवासी समाज के द्वारा गजमाला से स्वागत व पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के द्वारा भाटापारा नगर मे भव्य स्वागत किये जाने पर आभार जताया। मुख्यमंत्री ने अपने प्रारंभिक उदबोधन मे आदिवासी समाज के उल्लेखनीय गतिविधियों व ऐतिहासिक महापुरुषों के गाथाओं का वर्णन किया।

### नरेन्द्र मोदी ने रखा आदिवासियों का विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी पार्टी व देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासियों का विशेष ध्यान रखा है जिसके परिणाम स्वरूप देश की महिला आदिवासी राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मु है वही छत्तीसगढ़ मे भी आदिवासी मुख्यमंत्री है आदिवासियों के हित व विकास के लिये पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपयी के कार्यकाल मे आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन हुआ और आगे भी आदिवासी समाज के विकास हेतु हर संभव प्रयास किया जाता रहेगा वही उन्होंने कहा की समाज को संगठित करने से देश भी संगठित होता है।

### गुर्रा से जोगीदीव्प मार्ग हेतु 1करोड़ 3 लाख की स्वीकृति

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के विशेष मांग पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुर्रा से जोगीदीव्प मार्ग निर्माण हेतु 1 करोड 3लाख की स्वीकृति दिया वही आदिवासी समाज के आहाता निर्माण हेतु 22लाख व तरेंगा से दोरेंगा धरसा मार्ग तक सडक निर्माण की स्वीकृति दि गई।

### नशा के आगोश मे भटकता युवा पीढी

छत्तीसगढ़ राज्य के मुखिया विष्णु देव साय ने आदिवासी समाज के आमसभा को सम्बोधित कर चिंता जताते हुये कहा की आज का युवा पीढी नशे के आगोश मे भटकते जा रहे है जो काफी चिंता का विषय है जिसके लिये उनके पालकों को उनके और विशेष ध्यान व समय देना अतिअवश्यक है वही बेटियां सभी क्षेत्रों मे अच्छा कार्य कर कुल का नाम रोशन कर रही है जो भी किसी भी क्षेत्र मे अच्छे कार्य करते है तो उन्हें पुरस्कृत करना आवश्यक है जबकि बेटी हमेशा दो कुलो का यश बढाता है।

### विधायक बनाये या ना बनाये क्षेत्र की लडाई लडने वाला शिवरतन

नवनिर्वाचित क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने प्रभावी उदबोधन मे उपस्थित हजारों लोगों की उपस्थिति मे कहा की आप शिवरतन शर्मा को विधायक बनाये या ना बनाये आपके क्षेत्र की लडाई लडने वाला अगर कोई है तो वह है शिवरतन शर्मा उन्होंने कहा की पूर्व मे शिवरतन शर्मा के विधायकी कार्यकाल मे अनेक ऐतिहासिक विकास कार्य हुये है और आगे भी क्षेत्र के विकास कार्यो के लिये शासन से जद्दोजहद कर रहे है नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भाटापारा क्षेत्र की जनता का आभार जताया जिन्होंने उन्हें 23 हजार अधिक मतों से विजयी बनाकर अपना जनादेश दिया उन्होंने कहा की उच्च नेतृत्व प्रदान कर नरेन्द्र मोदी सरकार ने आदिवासियों का सम्मान बढाया केन्द्र सरकार से राज्य व संसदीय क्षेत्र के विकास व लाभ हेतु केन्द्र शासन के हर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके इसका विशेष प्रयास करते रहेंगे।

### शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ जनता को मिलता रहे

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिल सके इसके लिये सायं सरकार को कृतसंकल्पित बताया उन्होंने बताया की शासन द्वारा हर माह के 1 तारीख को महतारी वंदन योजना के तहत खाते मे 1000रुपये डाले जा रहे है, रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या दर्शन कराया जा रहा है ऐसे अनेक वादा व घोषणा है जिसे बीजेपी की सरकार करेगी।

### पर्यावरण की रक्षा अतिअवश्यक

प्राण वायु दायिनी पर्यावरण की रक्षा व सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है इस हेतु इस बरसात के सीजन मे हर किसी को अपने माता पिता के नाम मे एक पेड अवश्य लगाना चहिये जिससे पर्यावरण को संतुलित कर उसकी रक्षा किया जा सके।

# डोंगरीपाली में सुना गया प्रधानमंत्री के 'मन की बात' का प्रसारण



पायनियर संवाददाता ॱ पिथौरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडिया कार्यक्रम मन की बात की 111 कड़ी का प्रसारण ग्राम डोंगरीपाली के पंचायत भवन में सुना गया। साथ ही प्रधानमंत्री की अपील एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 महीने बाद अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024, विश्व योग दिवस से लेकर पर्यावरण दिवस और पेरिस ओलंपिक जैसे मुद्दों पर बात की। उन्होंने चुनावों से पहले, चुनावों के बाद दोबारा मिलने की बात का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। साथ ही प्रधामनंत्री ने केरल की अट्टापड़ी गांव की स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए जा रहे मारथुंबी छाता का जिक्र करते हुए कहा कि उनके छाता को एक ब्रांड मिल गया है तथा उनके उत्पाद में बढ़ोत्तरी हो गयी है। आज हमारे देश में मोदी जी के नेतृत्व में खिलाडियों को विभिन्न खेलों में विशेष अवसर प्रदान हो रहे हैं जिससे खिलाड़ी देश और विदेश में परचम लहरा रहे हैं। ग्राम डोंगरीपाली में मन की बात श्रवण कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, मोर्चे के जिला महामंत्री दुलीकेशन साहू, मंडल महामंत्री आशीष शर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष मनमीत सिंह छाबड़ा, ग्राम सरपंच अहिल्या बरीहा उपस्थित थे। जिहोने कार्यक्रम के पश्चात एक पेड़ मां के नाम के तहत पौध रोपण भी किया। इस अवसर पर ग्राम के लक्ष्मी यादव, चक्रा यादव, अजय बाघ, वृन्दावती, कृति निषाद, उग्रसेन यादव, सियाराम साहू, जितेंद्र साहू, नवीन साहू, सुरेश बरिहा, कामदेव यादव, गोपीकिशन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्राम उपस्थित थे।

# बेहतर कार्य के लिए जिले के 16 अधिकारियों को कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

## लोकसभा निर्वाचन में उल्लेखनीय कार्य के लिए तहसीलदार और नायब तहसीलदार सम्मानित



पायनियर संवाददाता ॱ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान अधिकारियों व कर्मियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने लोकसभा निर्वाचन-2024 में जिले में उल्लेखनीय कार्य के लिए तहसीलदार जशपुर मति जय राजनपथे, तहसीलदार पत्थलगांव मती उमा सिंह, तहसीलदार कुनकुरी मुखदेव यादव एवं नायब तहसीलदार जशपुर रोहित गुप्ता, राजेश कुमार यादव, नायब तहसीलदार राहुल कौशिक, नायब तहसीलदार कांसाबेल मो. एजाज हासमी, नायब तहसीलदार फरसाबहार तोप कुमार, सुशील कुमार सेन, नायब तहसीलदार सन्ना आशीष कुमार, नायब तहसीलदार कुनकुरी सु नीतू भगत, सु पूनम रश्मि तिग्गा, अरुण कुमार, नायब तहसीलदार बगीचा सदाशिव मिश्रा, नायब तहसीलदार पत्थलगांव गणेश राम सिदार और नायब तहसीलदार दुलदुला ओंकार बघेल प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में दिये गये दायित्व का निर्वहन त्रुटिरहित, निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण, अद्यतीकरण, मतदान केन्द्रों में आवश्यक तैयारी, सतत् मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, मतदान दलों का प्रभावी प्रशिक्षण, मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराते हुए ई.व्ही.एम. का स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित परिवहन एवं सीलिंग तथा मतगणना दिवस को सुव्यवस्थित मतगणना कराने में आपने रिटर्निंग ऑफिसर का सहयोग किया, जो कि सराहनीय है। लोकसभा निर्वाचन-2024 में इस उल्लेखनीय कार्य के लिए जिला प्रशासन आपको सम्मान स्वरूप यह प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। लोकसभा निर्वाचन में बड़ी संख्या में मतदान की पूरी प्रक्रिया संपन कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ सुचारू रूप से निर्वाचन संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया।

# विधायक इंद्र साव ने भाटापारा आए मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ॱ भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रविवार को भाटापारा आगमन के दौरान कॉलेज ग्राउंड स्थित हेलीपेड पर क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने उनसे मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र की 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर उनके निराकरण की मांग की,जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द से जल्द सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। विधायक इंद्र साव ने मुख्यमंत्री साय का भाटापारा आगमन पर उनका स्वागत करते हुए उन्हें विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण करने बाबत एक मांग पत्र सोपा। साव ने अपने ज्ञापन में भाटापारा और सिमगा क्षेत्र के गांव गांव में हो रही शराब बिक्री और मध्यप्रदेश निर्मित शराब की धड़ल्ले से हो रही शराब बिक्री पर अंकुश लगाने और इस कार्य में सहयोग करने वाले आबकारी अधिकारियों को स्थांतरित करने की मांग की। जिले की अधोगिक इकाइयों प्लांटों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार ना देकर अन्य प्रदेश के युवाओं को नौकरी पर रखने की शिकायत करते हुए स्थानीय लोगो को प्राथमिकता के साथ नौकरी दिलाने की मांग रखी। विधायक इंद्र साव ने क्षेत्र में चिकित्सा सेवा की कमी को देखते हुए सिमगा में सर्व सुविधा युक्त मल्टी स्पेशलिस्ट सह ट्रामा सेंटर के साथ साथ भाटापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिमगा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग,शिशु रोग, सर्जरी विशेषज्ञ,अस्थि विशेषज्ञ,नाक कान गला रोग विशेषज्ञ,नेत्र रोग,निश्चेतना विशेषज्ञ,टेक्नीशियन के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग करी। विधायक ने नदी किनारे वाले गांव में निवासरत लोगो की सुध लेते हुए बारिश के दिनों में आई बाढ़ से उनके घरों को होने वाले नुकसान से बचाने तटबंध निर्माण कार्य का सर्वे कर उसकी मंजूरी देने की मांग की है ताकि बारिश की बाढ़ से उनके घरों को सुरक्षित रखा जा सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक इंद्र साव की मांगों पर यथाशीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिलाया।विदित हो कि मुख्यमंत्री आदिवासी समाज के कार्यक्रम में शामिल होने भाटापारा आए थे जहां विधायक साव ने कालेज ग्राउंड स्थित हेलीपेड में उनसे मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा।

# छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की नियमित मासिक बैठक सम्पन्न



**तिल्दा-नेवरा।** कर्मचारी भवन तिल्दा में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की नियमित मासिक बैठक सम्पन्न हुई।छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के महामंत्री अभिमन्यु वर्मा ने सबसे पहले बैठक के प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चाईल्ड पोर्नोग्राफी का आरोपी मनधर राम को केरल से लेकर आई पुलिस, भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ॱ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सोशल मीडिया के दौर में लगातार चाईल्ड पोर्नोग्रॉफी के मामले सामने आ रहे हैं। पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से थाना तुमला को गत दिवस प्राप्त हुये साइबर टीप लाईन मामले की जॉच तुमला द्वारा की जा रही थी, इसी दौरान साइबर सेल से उक्त प्रकरण के अभियुक्त मनधर राम के वर्तमान में केरल में निवास करने की जानकारी मिली, इस पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में निरीक्षक कोमल नेताम के नेतृत्व में पतासाजी के लिए एक टीम केरल भेजी गई थी वहां मिलने पर उसे वापस थाना तुमला लाया गया। पूछताछ में मनधर राम ने वर्ष 2022 में सोशल मीडिया एप से महिला एवं बच्चों से संबंधी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करना बताया एवं उसके कब्जे से प्रयुक्त मोबाईल जप्त किया गया है। मनधर राम उम्र 23 साल निवासी सरईटोला कोनपारा के विरुद्ध पर्याप्त अपराध सबूत पाए जाने पर उसे रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। ज्ञात हो कि इंटरनेट पर बच्चों से जुड़ी अश्लील फोटो/वीडियो अपलोड करने या देखने पर एनसीआरबी दिल्ली की शाखा संबंधित व्यक्ति पर कार्यवाही के लिये राज्य के पुलिस मुख्यालय को टीपलाइन प्रेषित किया जाता है। प्रकरण की विवेचना एवं गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी तुमला निरीक्षक कोमल सिंह नेताम, आर.740 सोनू सिंह, आर.478 सुजीत खाखा, आर. 280 अमित टोप्पो एवं सायबर सेल का योगदान रहा है।

जिले के विभिन्न थानाध/चौकी प्रभारी को सायबर टीप लाईन मामले की जॉच के लिए प्रेषित किया गया है, आने वाले समय में इस मामले में और भी आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।
शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर

# प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का आयोजन, विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता ॱ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के बाद पहली बार मन की बात कार्यक्रम 111 वां एपिसोड में देश को संबोधित किये। वहीं बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हबेकांटा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में क्षेत्रीय विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुने। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी पहली बार देश को संबोधित किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने आपको तीन महीने पहले कहा था कि मैं फिर मिलूंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले ऐतिहासिक चुनाव के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर भी देशवासियों को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि आज 30 जून का दिवस आदिवासी समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। 30 जून के दिन को हमारे आदिवासी भाई-बहन 'हूल दिवस' के रूप में मनाते हैं। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई थी। यह 1857 की क्रांति से पहले दो सौ साल पहले हुआ था। हमारे आदिवासी समुदाय के लोगों के खिलाफअंग्रेजों ने तमाम प्रतिबंध लगा दिए थे। इस लड़ाई में झारखंड के वीर सिद्धो और कानो शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि वीर सिद्धो-कान्हू ने हजारों संथाली साथियों को एकजुट करके अंग्रेजों का जी-जान से मुकाबला किया, और जानते हैं ये कब हुआ था? ये हुआ था 1855 में, यानी ये 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से भी दो साल पहले हुआ था, तब झारखंड के संथाल परगना में हमारे आदिवासी भाई-बहनों ने विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठाया था। उन्होंने आगे कहा कि इस महीने पूरी दुनिया ने 10वें योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया है। मैं भी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुआ था। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनों-बेटियों ने भी योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जैसे-जैसे योग दिवस का आयोजन आगे बढ़ रहा है, नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। दुनिया भर में योग दिवस ने कई शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। सऊदी अरब में एक सऊदी महिला ने कॉमन योग प्रोटोकॉल को लीड किया है।

# मानव उत्थान सेवा समिति ने शाश्वत नगर विकास समिति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया

**रायपुर।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा मिशन एजुकेशन सेवा का कार्य पूरे भारत सहित विश्व के कई देशों में किया जाता है। संस्था द्वारा जरूरतमद गरीब बच्चों के लिए स्टेशनरी सामाग्री जैसे पेन कापी, पुस्तक काफी, रबर पेंसिल, सहित अन्य सामग्री इकट्ठा कर सरकारी स्कूलों में जरूरत मद गरीब बच्चों को वितरित किया जाता है। शाश्वत नगर बोरियाखुर्द में संस्था की स्टेट कार्डिनेटर सीमा गंजीर एवं उनके टीम के द्वारा डोनेशन पेटी लगाया गया, कालोनीवासियों ने जरूरतमद गरीब बच्चों के लिए यथा संभव सहयोग किया सेवा कार्य में शाश्वत नगर विकास समिति के अध्यक्ष छोटेलाल साहू, सचिव अजित सिंह, उपाध्यक्ष राम विशाल साहू, एल. पी. दुबे, कल्याण दुबे, शरद गंजीर, येमलाल साहू, विजय लक्ष्मी साहू, सरिता साहू, धनेश्वरी रेंगे, सावित्री शुक्ला, विद्या चंद्राकार, शशि यादव, मालती चौहान, रमा साहू, ममता स्वर्णकार, पुष्पा ठाकरे, सुमन गुप्ता, माला साहू, सीमा साहू, रानी राजपूत, मंजूलता साहू, रामेश्वरी यादव, ममिता चौहान, रेणु दुबे, पूजा तिवारी, हेमलता सक्सेना, मीना चौहान, हर्षा साहू, उर्वशी गुप्ता, आदि दानदाताओं ने दान कर पुण्य के सहभागी बनें। कार्यक्रम के अंत में मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा शाश्वत नगर विकास समिति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।



# रेत उत्खनन को लेकर सख्त हुआ छ.ग. शासन

## प्रशासन को स्पष्ट निर्देश, 10 जून से 15 अक्टूबर तक खनन नहीं होगा ,अवैध खनन, परिवहन, भंडारण पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ॱ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले में अवैध खनन के विरुद्ध हो रहे कार्यों को लेकर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक राशि मोहन सिंह, वनमंडलाधिकारी, खनिज अधिकारी और परिवहन अधिकारी ने खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में हुए कार्यों की समीक्षा की गई । मुख्य रूप से संचालनाय भौमिकी तथा खनिकर्म छ0ग0 रायपुर के पत्र क्रमांक 1984, 21 जून में दिए गए निर्देश 2016 एवं 2020 के अनुरूप वर्षा ऋतु (10 जून से 15 अक्टूबर तक) में नदियों से रेत खनन पर प्रतिबंध लगाये जाने को लेकर जिला स्तरीय खनिज टास्क फोर्स की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन / परिवहन प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन कर ऐसे क्षेत्रों का विशेष निगरानी रखी जाने के साथ ही रोकथाम के लिए खनिज टास्क फोर्स दल (राजस्व, पुलिस, वन, परिवहन एवं खनिज विभाग) को लगातार अपने कार्य क्षेत्र में निरंतर जांच करने एवं अवैध उत्खनन / परिवहन संबंधित तथ्य प्रकाश में आने पर जांच कर खनिज नियमों में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् कड़ी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

**पर्यावरण विभाग ने किया बंद**

वही पर्यावरणीय विभाग द्वारा जारी गाइडलाईन के अनुसार जिले से 10 जून से 15 अक्टूबर 2024 के मध्य नदियों से खनिज रेत का उत्खनन पूर्णतः प्रतिबंधित है। अतः उक्त गाइडलाईन के परिपालन में खनिज रेत अवैध उत्खनन/परिवहन पर विशेष निगरानी रखने हेतु राजस्व, पुलिस एवं खनिज अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

**लगातार कार्रवाई के निर्देश**

बैठक में अवैध रूप से हो रहे खनिजों के परिवहन संबंधित मामलों को लेकर कलेक्टर ने जिला टास्क फोर्स के पदाधिकारियों से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने नियमित रूप से जांच अभियान चलाकर अवैध खनिजों के परिवहन, ओवरलोडेड वाहनों आदि की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**न्यायालय तहसीलदार भिंभौरी, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क/ब-121/वर्ष 2023-24
क्रमांक/ /वा.तह./2024 भिंभौरी, दिनाक 28/06/2024
मौजा-कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लखन लाल पिता मुकुन्दी जाति नाई निवासी ग्राम-भिंभौरी, तहसील-भिंभौरी, जिला-बेमेतरा द्वारा ग्राम-भिंभौरी, प.ह.नं 04, तहसील-भिंभौरी, जिला-बेमेतरा स्थित भूमि खसरा नंबर 752 रकबा 0.12 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक लखन लाल पिता मुकुन्दी के नाम पर दर्ज है। जो कि शासन द्वारा प्राप्त सिलिंग की भूमि है। आवेदक को अपने घरेलु कार्य हेतु रूपये की आवश्यकता है तथा आवेदक द्वारा मकान निर्माण कराना है तथा बच्चों का शादी करना है। इस हेतु अपने खाते की भूमि मौजा भिंभौरी स्थित भूमि खसरा नंबर 752 रकबा 0.12 हे. को विक्रय करना चाहता है और उस हेतु आवेदक द्वारा उपरोक्त भूमि को प्रस्तुत इकरारनामा के आधार पर प्रस्तावित क्रेता भोजकुमार बंजारे पिता बाबुराम बंजारे जाति सतनामी निवासी ग्राम देवादा, तहसील भिंभौरी, जिला बेमेतरा को 8,95,000/- (आठ लाख पचानवें हजार रूपये) में चुकता विक्रय करने का पक्का सौदा किया है एवं आवेदक बतौर बयाना राशि 55,001/- (पचपन हजार एक रूपये) दिनांक 16.10.2023 नगद दो गवाहों के समक्ष प्राप्त कर चुका है। शेष राशि विक्रय की अनुमति प्राप्त होने पर प्राप्त करेंगे। आवेदकगण द्वारा उक्त काबिल कास्त/बटन/सिलिंग/भू-दान से प्राप्त भूमि की विक्रय की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ इकरारनामा, आधार कार्ड की प्रति, बी-01, की प्रति, ऋण पुस्तिका की प्रति माननीय कलेक्टर महो. जिला, बेमेतरा के समक्ष आवेदन पेश किया है जो कि श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला के माध्यम से इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति पेश करना हो तो वह पेशी दिनांक 13/07/2024 तक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुदा से जारी किया गया।


मुहर


तहसीलदार
भिंभौरी, जिला-बेमेतरा



Happy Doctors Day
राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस
के अवसर पर सभी चिकित्सकों को
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
डॉ. विजय खोब्रागढ़े
विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घूमका


Happy Doctors Day
राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस
के अवसर पर सभी चिकित्सकों को
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
Happy Doctors Day
डॉ. आर.बी.सोनकर
नंदई, राजनांदगाँव (छ.ग.) मो. 93012-14895



Happy Doctors Day
भदौरिया नर्सिंग होम
डॉ. श्रीमती मधु भदौरिया
एमबीबीएस, डीजीओ
प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. आरपीएस भदौरिया
एमबीबीएस, डीसीपी, डीएमसीएच
जनरल प्रैक्टिशनर
डॉ. अमृता भदौरिया
एमडी, प्रसुति एवं
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहुल सिंह
एमएस (ईएनटी)
नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएं: (1) प्रसुति की सुविधा (एसी लेबर रूम)। (2) बांझपन के उपचार की सुविधा। (3) सुसज्जित एसी ऑपरेशन थियेटर। (4) प्रायवेट एवं जनरल वार्ड की सुविधा। (5) पैथौलॉजी लैब की सुविधा। (6) स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा। (7) नाक, कान एवं गले की दुरबीन पद्धति से जांच एवं फारेन बॉडी निकालने की सुविधा। (8) नवजात शिशुओं हेतु फोटोथिरैपी एवं ईफेंट वर्मार की सुविधा। (9) आयुष्मान कार्ड द्वारा निशुल्क उपचार की सुविधा। (10) ओपीडी में परामर्श की सुविधा।
सहदेव नगर, जी.ई.रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)


हैप्पी डॉक्टर्स डे
Life Care Clinic
Dr. Arvind Singh
MD (AM) Reg. No. 1370
Near Firantin Temple, Ward No. 48
Rajnandgaon, Mo. 81033-43539



हैप्पी डॉक्टर्स डे
Tulsi
Clinic
Reg. No. CG. PMC. 33/1263
TEMP Lic. No. TRAJN02618
Dr. Vijay Thakur
General Physicen
dr.vijay.thakur84@gmail.com
Basantpur, Ward No. 46
Rajnandgaon (C.G.)
Mo. 99079-55223


Happy Doctors Day
डॉ. यू. एस. चंद्रवंशी
मेडिकल स्पेशियलिस्ट
जिला अस्पताल राजनांदगाँव (छ.ग.)


श्री कृष्णा हॉस्पिटल
CARING FOR YOUR LIFE
HAPPY Doctor's Day
समस्त आधुनिक सुविधाओं से युक्त विभाग...
• मेडिसीन विभाग
• शिशु रोग विभाग
• छाती एवं टी.बी. रोग
• हृदय रोग विभाग
• जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
• हड्डी रोग विभाग
• गहन एवं सामान्य चिकित्सा विभाग
• यूरोलॉजी विभाग
• स्त्री रोग विभाग
• नाक, कान, गला रोग विभाग
• न्यूरोलॉजी विभाग
• ट्रामा एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग
डॉ. कुलदीप सिंह
Mch न्यूरो सर्जरी
डॉ. किशन सोनी
Mch कैंसर सर्जरी
श्री कृष्णा हॉस्पिटल
डॉ .अनुराग यादव
Mch किडनी एवं मूत्र सर्जरी
श्रीं कृष्णा हॉस्पिटल
डॉ. आदित्य चंदेल
MS हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुपमा अस्थाना
DGO स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ
• स्त्री एवं प्रसूति रोग
• जटिल एवं दर्द रहित प्रसव
• हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण
• एक्सीडेंट/फ्रेक्चर/सिर एवं रीढ़ की हड्डी का चोट
• हाइड्रोसील हार्निया अपेंडिक्स
• लेप्रोस्कोपि सर्जरी
• कान, नाक, गला रोग
• गुर्दा पथरी प्रोस्टेट एवं मुत्र रोग
• मेडिकल
• पैथोलॉजी लैब सुविधा
• एम्बुलेंस
• प्लास्टिक सर्जरी
• एक्स-रे
• ई.सी.जी.
24/7
EMERGENCY SERVICES
& AMBULANCE AVAILABLE
श्री कृष्णा हॉस्पिटल
CARING FOR YOUR LIFE
पाताल भैरवी मंदिर के सामने, जी.ई. रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
86021-40031, 86021-40078


स्वस्थ दांत,
सुंदर मुस्कान
Happy Doctors Day
डॉ. अंशुल खण्डेलवाल
खण्डेलवाल डेंटल क्लीनिक
जमातपारा, राजनांदगांव


Happy Doctors Day
BEC
Bhattacharya
EYE CLINIC & RETINA LASER CENTER
निम्नलिखित चीजों को कभी एक साथ न लें :
• दूध × दही • कटहल × दूध
• शहद × घी • खट्टे फल × दूध
आपके स्वस्थ और समृद्धि के लिए तत्पर और तैयार
डॉ. सुदीप भट्टाचार्य
(एम.बी.बी.एस. एम.एस., नेत्र रोग विशेषज्ञ)
पूर्व रजिस्ट्रार - आई केयर हॉस्पिटल, कलकत्ता
पूर्व चिकित्सक - चित्रकुट आई हॉस्पिटल, सतना
पूर्व प्रमुख चिकित्सक - उद्याचल नेत्र चिकित्सालय, राजनांदगांव
डॉ. सोनिया भट्टाचार्य
(एम.बी.बी.एस. एम.एस., नेत्र रोग विशेषज्ञ)
पूर्व फेलो चिकित्सक - आई केयर हॉस्पिटल, नोयडा (दिल्ली)
पूर्व चिकित्सक - उद्याचल नेत्र चिकित्सालय, राजनांदगांव
पूर्व प्रमुख चिकित्सक - क्रिश्चन फेलोशिप अस्पताल, राजनांदगांव
मिलने का समय - प्रतिदिन 10:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक, रविवार अवकाश
पता : 19/363, स्टेडियम रोड, सहदेव नगर राजनांदगांव (छ.ग.) फोन : 0774-406049


Happy Doctors Day
Happy Doctor's Day
विनीत
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
राजनांदगांव


Happy Doctors Day
संजीवनी
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आयुष्मान भारत
के तहत फ्री ईलाज।
हाइटेक ICU & CCU
अनुभवी मेडिकल स्टॉफ
आपातकालीन
हाइटेक ट्रामा सेंटर
एक्सीडेन्टल केस के लिए
एम्बुलेन्स सेवाएं
24 घंटे उपलब्ध।
कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरुकता अभियान
"It's Not Only A Camp... It's for Your Future Health"
दिनांक
12 मई से 31 मई तक
समय
प्रातः 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक
संजीवनी हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
फ्री कैंसर चेकअॅप कैम्प
गैस्ट्रिक कैंसर
लक्षण और कारण
पेट के कैंसर के संकेत और लक्षण क्या हैं
पेट के कैंसर के लक्षणों में शामिल हैं पेट के कैंसर के शुरूआती चरणों में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं दिखते। पेट के कैंसर के सबसे आम शुरूआती लक्षण - अक्सर बिना किसी कारण के वजन कम होना और पेट में दर्द - आमतौर पर तब तक दिखाई नहीं देते जब तक कि कैंसर बहुत गंभीर न हो जाए।
• भूख में कमी। • समुद्री बीमारी और उल्टी। • काला मल (पूप) या खून की उल्टी।
• निगलने में परेशानी। • सीने में जलन और अपच। • खाने के बाद पेट फूलना या गैस बनना ।
• थकान या कमजोरी। • अस्पष्टीकृत वजन घटना। • पेट में दर्द, अक्सर नाभि के ऊपर।
• थोड़ा भोजन या नाश्ता करने के बाद भी पेट भरा हुआ महसूस होना ।
इनमें से कई लक्षण अन्य स्थितियों में भी आम हैं। अपने चिकित्सक से जाँच करवाएँ कि क्या आपके लक्षण पेट के कैंसर या किसी अन्य बीमारी के लक्षण
पेट का कैंसर (गैस्ट्रिक कैंसर) क्या है
पेट के कैंसर में - जिसे गैस्ट्रिक कैंसर भी कहा जाता है आपके पेट में कैंसर कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ती हैं। कैंसर आपके पेट में कहीं भी बन सकता है। अमेरिका में, पेट के कैंसर के अधिकांश मामलों में उस जगह पर असामान्य कोशिका वृद्धि होती है जहाँ आपका पेट आपके अन्नप्रणाली (गैस्ट्रोएसोफेगल जंक्शन) से मिलता है। अन्य देशों में, जहाँ गैस्ट्रिक कैंसर अधिक आम है, कैंसर आमतौर पर आपके पेट के मुख्य भाग में बनता है। लगभग 95.मामलों में, पेट का कैंसर आपके पेट की परत में शुरू होता है और धीरे-धीरे बढ़ता है। इलाज न किए जाने पर, यह एक द्रव्यमान (ट्यूमर) बना सकता है और आपके पेट की दीवारों में गहराई तक बढ़ सकता है। ट्यूमर आपके लीवर और अग्न्याशय जैसे आस-पास के अंगों तक फैल सकता है।
गैस्ट्रिक कैंसर को पहचानने के लिए किए जाने वाले टेस्ट
सीटी स्कैन
इसमें आपके शरीर या पेट के अंदर की डिटेल पिक्चर ली जा सकती है।
ब्लड टेस्ट
इसमें ब्लड के जरिए शरीर के अंदर कैंसर को डिटेक्ट किया जा सकता है।
अपर जीआई सीरीज टेस्ट
इसमें एक लिक्विड पिलाई जाती है, जिसके बाद पेट का एक्स-रे साफ आता है।
बायोप्सी
इसमें आपके पेट के टिश्यू का एक छोटा सा टुकड़ा लेकर माइक्रोस्कोप के नीचे टेस्ट किया जा सकता है।
Pi Cancer Care
Personalised & Innovative Cancer care
www.picancercare.com
मुम्बई व हैदराबाद के प्रसिद्ध कैंसर स्पेशलिस्ट के मार्गदर्शन में निर्धारित शेड्यूल से इलाज व डॉक्टर के द्वारा 24 घंटे शशक्त मोनिटरिंग
डॉ. इप्सित इलाही दास
MBBS, MS, MCH
(Surgical Oncology)
सर्जरी के क्षेत्र में 12 वर्षो का अनुभव एवं उन्होंने विभिन्न कैंसर के उपचार में अपना कौशल और ज्ञान विकसित किया है। इन्होंने एम्स में कैंसर सर्जरी का प्रशिक्षण प्राप्त किया।
डॉ. भारत पटोडिया
MBBS, FAGE, MD
Medical Oncologist, Surgical Radeation
एस्मो सार्टिफाइ, सी.ए.एस., फेफड़े का कैंसर (स्विटजरलैण्ड), सी.सी.बी., स्तन कैंसर (जर्मनी), कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉसिट्स, पी.आई. ऑन्कोलॉजी, एलुमनि सेंटर एवं हिन्दुजा हॉस्पिटल मुंबई
कैंसर का ईलाज
हम हैं आपके साथ
निःशुल्क कैंसर ऑपरेशन, कीमोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07744-299988
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
82699-24365 | 88279-24365
PROVIDING AFFORDABLE CANCER CARE SERVICES
विज्ञापन कटिंग लाने पर पैथोलॉजी टेस्ट में पाएं 50% की छूट
Samvad-40631/39

